मार्गशीर्ष कृष्णा - 12 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 135 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- ▪ बेंगलूरु » रविवार » 10-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की परंपरा को जिंदा रखा : भाजपा

6 मेजर राजेंद्र सिंह राजावत : पाक को मुंहतोड़ जवाब देकर पीछे हटने को मजबूर कर दिया

7 भ्रष्ट सांसद साहू, गांधी खानदान में किसका एटीएम है : ईरानी

## फर्स्ट टेक

### इथियोपिया में बीमारियों का प्रकोप जारी : यूनिसेफ

**अदीस अबाबा/वार्ता।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि इथियोपिया में कई प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के कारण जारी गंभीर मानवीय स्थिति के बीच बड़े पैमाने पर विस्थापन तथा कई बीमारियों का प्रकोप जारी है। यूनिसेफ द्वारा जारी अपनी नवीनतम इथियोपिया मानवीय स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्वी अफ्रीकी देश में मानवीय स्थिति मुख्य रूप से चल रहे संघर्षों, बीमारी के प्रकोप और बदलती जलवायु के कारण और भी खराब हो गई है। यूनिसेफ ने कहा, हाल ही में, अल नीनो के कारण बाढ़ ने इसे और बढ़ा दिया है, जिसका कमजोर व्यक्तियों, विशेषकर बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अल नीनो इफेक्ट मौसम संबंधी एक विशेष घटना क्या स्थिति है, जो मध्य और पूर्वी प्रशांत सागर में समुद्र का तापमान सामान्य से अधिक होने पर बनती है। आसान भाषा में समझे तो इस इफ़ेक्ट की वजह से तापमान काफी गर्म हो जाता है। इसकी वजह से पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में रहने वाला गर्म सतह वाला पानी भूमध्य रेखा के साथ पूर्व की ओर बढ़ने लगता है। ऐसी स्थिति में भयानक गर्मी का सामना करना पड़ता है और सूखे के हालात बनने लगते हैं।

### यूएई के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाया वीटो

**संयुक्त राष्ट्र/वार्ता।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की ओर से गाजा में तत्काल युद्धविराम को लेकर जारी प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो लगा दिया है। इस दौरान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 13 ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के दो प्रांतों में जारी संघर्ष को रोकने के अथाह प्रयास को अमेरिका ने रोक दिया। पंद्रह सदस्यीय परिषद में एकमात्र अरब राज्य संयुक्त अरब अमीरात द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान हुआ। इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत रॉबर्ट ए वुड ने स्पष्ट कर दिया था कि उनका देश तत्काल युद्धविराम का समर्थन नहीं करता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा बुलाए गए आपातकालीन सत्र में अपने संबोधन में श्री वुड ने हमास की सात अक्टूबर को इजरायल पर अचानक हवाई हमले को लेकर सुरक्षा परिषद की विफलता पर आलोचना की और चर्चाओं तथा जमीनी हकीकतों के बीच मौलिक अलगाव पर जोर दिया।

### बांग्लादेश में पहली बार महिलाएं 'फायरफाइटर' में शामिल

**ढाका/वार्ता।** बांग्लादेश अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा (एफएससीडी) के इतिहास में पहली बार, 15 महिलाओं को 'फायरफाइटर' के लिये चयनित किया गया हैं। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज़्ज़मां खान कमाल ने गुरुवार को ढाका में एक समारोह में नवनियुक्त महिला अग्निशामकों का स्वागत किया। 2,707 आवेदकों में से उन 15 महिलाओं को प्रारंभिक स्क्रीनिंग, शारीरिक फिटनेस, चिकित्सा परीक्षण, लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा के माध्यम से अग्निशामक के रूप में चुना गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, वे आधिकारिक तौर पर ढाका के बाहरी इलाके पुरबाचल में स्थित बल में शामिल हो गईं। पहले, महिलाएं एफएससीडी में अधिकारी के रूप में काम करती थीं, लेकिन किसी भी महिला को फायर फाइटर पद पर नियुक्त नहीं किया जाता था। लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री शेख हसीना के आदेशानुसार हाल ही में देश में 'फायरमैन' का पद बदलकर 'फायरफाइटर' कर दिया गया है।

| 10-12-2023 | 11-12-2023 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:53 बजे | सूर्योदय 6:30 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 69,825.60 | 20,969.40 |
| (+303.91) | (+68.25) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,565 रु. | 79,730 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## एनआईए की महाराष्ट्र और कर्नाटक में आईएसआईएस के कई ठिकानों पर छापेमारी, 15 सदस्य गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र और कर्नाटक के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की और उसके एक मॉड्यूल के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आतंकवाद रोधी संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आईएसआईएस मॉड्यूल का नेता भी शामिल है, जो नए भर्ती लोगों को 'बयाथ' (संगठन के प्रति निष्ठा की शपथ) दिलाता था।

अधिकारी ने बताया कि एनआईए की कई टीम ने महाराष्ट्र के पडघा- बोरिवली, ठाणे, मीरा रोड और पुणे तथा कर्नाटक के बेंगलुरु में शनिवार सुबह 44 स्थानों पर छापेमारी की और 15 लोगों को कथित तौर पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और प्रतिबंधित संगठन की आतंक से संबंधित गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया।

प्रवक्ता ने बताया कि छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में बेनामी नकदी, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, अपराध में संलिप्तता इंगित करने वाले दस्तावेज,स्मार्ट फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी एनआईए द्वारा इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक ऐंड सीरिया (आईएसआईएस)को खत्म करने के प्रयासों के तहत किया गया। आईएसआईएस को इस्लामिक स्टेट के नाम से भी जाना जाता है और यह आतंकवाद और बेगुनाहों की जान लेने वाली घटनाओं में संलिप्त रहा है।

## चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'मोदी की गारंटी' में दम है और कुछ राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि 'झूठी घोषणाएं' करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है और लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि अगर उन्होंने स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव, मुसीबतों व तकलीफों में नहीं रहती। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार 'माई-बाप' सरकार नहीं है, बल्कि माता-पिता की सेवा करने वाली सरकार है। जिस तरह एक बच्चा अपने माता-पिता की सेवा करता है, उसी तरह यह मोदी आपकी सेवा के लिए काम करता है।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''मोदी गरीबों, वंचितों की परवाह करता है, जिनकी किसी को परवाह नहीं थी। जिनके लिए कार्यालयों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे, मोदी न केवल उनकी देखभाल करता है, बल्कि वह उनकी पूजा करता है। मेरे लिए हर गरीब वीआईपी है, हर मां, बेटी, बहन वीआईपी है, हर किसान वीआईपी है, हर युवा वीआईपी है।'' उन्होंने कहा कि लेकिन सवाल यह है कि देश उन लोगों पर भरोसा क्यों नहीं करता जो हमारा विरोध करते हैं।

## गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में एक युवक गिरफ्तार

**जयपुर/भाषा।** राजस्थान पुलिस ने गोगामेड़ी हत्याकांड के सिलसिले में हरियाणा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। जयपुर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं में शामिल आरोपी रामवीर जाट को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। यह हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के सुरेती पिलानियां गांव का रहने वाला है।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार को शूटर नितिन फौजी एवं रोहित राठौड़ ने अंधाधुंध गोलीबारी कर हत्या कर दी थी । पुलिस के अनुसार नितिन फौजी के लिए जयपुर में पूरी व्यवस्था रामवीर ने की थी।

## 2025 के अंत तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



देहरादून/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत 2025 के अंत तक 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने यहां उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत पिछले एक दशक में हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ा है।

शाह ने कहा, 'दुनिया आज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। 2014 से 2023 के बीच भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था से उठकर पांचवीं (सबसे बड़ी) अर्थव्यवस्था बन गया है।' उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल के दौरान देश ने पहले कभी इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई। उन्होंने इसका श्रेय मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अपने लक्ष्य को वास्तविकता में बदलने की उनकी क्षमता को दिया।

शाह ने कहा कि मोदी जलवायु परिवर्तन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, वह आतंकवाद मुक्त दुनिया के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान की अगुवाई करने के अलावा अपने मेक इन इंडिया कार्यक्रम के जरिये दुनिया की धीमी होती जीडीपी को गति देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 दिल्ली घोषणापत्र कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की बड़ी उपलब्धि है, जिसे दुनिया आने वाले दशकों तक याद रखेगी।

शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है और इस दौरान देश भर में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा, 'आईएमएफ ने भारत को अंधेरे में एक उज्ज्वल स्थान बताया है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि 2027 तक, भारत जापान और जर्मनी से आगे निकलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ये अच्छे संकेत हैं। भारत का समय आ गया है।' उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें बताया कि उन्होंने सम्मेलन के लिए दो लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य रखा है, तो उन्हें लगा कि यह असंभव है।

## भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने दिखाया है कि वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अब दूसरे देशों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालने की स्थिति में पहुंच गया है।

सिंह ने कहा, सरकार विकास इंजन के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। लेकिन आप जानते हैं कि सरकार यह काम अकेले नहीं कर सकती। इसके लिए हमें इस देश के आर्थिक विशेषज्ञों और विचारकों के समर्थन की भी आवश्यकता है।

सिंह ने कहा कि उद्योग जगत के नेतृत्वकर्ताओं की भारतीय विकास गाथा का अगला अध्याय लिखने में सरकार की मदद करने की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, अगर भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन है तो आप सभी आर्थिक विशेषज्ञ और विचारक उस विकास इंजन की मोटर हैं। इसलिए, आप सभी पर विशेष जिम्मेदारी है कि इंजन से लेकर अंतिम कोच तक सभी की जरूरतों को एकीकृत करके भारत की विकास गाथा का अगला अध्याय लिखने में सरकार की मदद करें। उन्होंने कहा, भारत ने दिखाया है कि विकास और न्याय के बीच कोई असंगत करार नहीं है। इसका मतलब है कि सभी नागरिकों को उचित अवसर प्रदान करना और विकास दर में तेजी लाना और दोनों को एक साथ हासिल किया जा सकता है।

## अमरोहा के सांसद दानिश अली बसपा से निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लखनऊ, नौ नवंबर (भाषा) बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण शनिवार को बसपा से निलंबित कर दिया। बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने इसकी जानकारी दी। मिश्र ने सांसद पत्र लिख कर उन्हें निलंबन की जानकारी दी, जिसकी एक प्रति मीडिया को भी जारी की गयी। पत्र में कहा गया है, ''आपको अनेकों बार मौखिक रूप से कहा गया कि आप पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं अनुशासन के विरूद्ध जाकर कोई भी बयानबाजी या कृत्य आदि नहीं करें, परंतु इसके बाद भी आप लगातार पार्टी के खिलाफ जाकर कृत्य करते आ रहे हैं।' इसमें कहा गया है, ''आपको यह भी अवगत कराना उचित होगा कि कर्नाटक में सन 2018 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और जनता दल (एस) के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा गया था।

## कठिन समय में भी साझा हित के विषय पर विश्व को सहमत करने का सामर्थ्य रखता है भारत : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




दुबई/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत ने न केवल देश में प्रगति करने की क्षमता दिखाई है, बल्कि जी20 की अपनी अध्यक्षता के दौरान भी यह प्रदर्शित किया कि वह बहुत कठिन समय में भी दुनिया को साझा हित के विषय पर सहमत करने का सामर्थ्य रखता है।

जयशंकर ने यह बात दुबई में भारतीय छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ बातचीत के दौरान कही। उन्होंने भारत में परिवर्तन और देश एवं विदेश में भारतीयों के रोजमर्रा के जीवन पर इसके प्रभाव पर दृष्टिकोण साझा किया। जयशंकर ने कहा कि अमृतकाल में छात्र और युवा पेशेवर विकसित भारत के निर्माण में सबसे आगे होंगे। भारत की प्रगति के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता का कार्यकाल हाल में पूरा किया है। मंत्री ने कहा, ''इस अध्यक्षता के दौरान, भू-राजनीति के कारण, यूक्रेन संबंधी पूरे विवाद के कारण, इसे लेकर बहुत चिंता थी कि क्या हम सभी को एकसाथ ला सकेंगे।'' उन्होंने कहा कि यह भी चिंता थी कि विशेषकर विकासशील दुनिया के देशों की मदद करने वाला जी20 का वास्तविक एजेंडा भटक सकता है।

जयशंकर ने कहा, ''इसलिए, हमने न केवल देश में प्रगति करने की क्षमता दिखायी है, बल्कि हमने यह भी दिखाया है कि भारत बहुत कठिन और असहमति के समय में भी दुनिया को साझा हित के किसी विषय पर सहमत करने का सामर्थ्य रखता है। और यह भी कुछ ऐसा है जो भारत के बारे में बहुत कुछ कहता है।'' भारत ने 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए मेजबानी की थी, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शामिल हुए थे।

## इजराइल की गाजा में बमबारी जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



राफाह (गाजा पट्टी), नौ दिसंबर (एपी) इजराइली लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार की रात भी गाजा पट्टी में बमबारी जारी रखी और दक्षिणी इलाकों के कुछ उस हिस्से में भी बम बरसाए जहां पर उसने फलस्तीनियों को जाने के लिए कहा था।

नवीनतम हमले अमेरिका द्वारा गाजा में मानवीय आधार पर तत्काल संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को वीटो करने के एक दिन बाद हुए, जबकि इसे सुरक्षा परिषद के अधिकांश सदस्यों और कई अन्य देशों का समर्थन प्राप्त था। 15 सदस्यीय परिषद में प्रस्ताव के पक्ष में 13 और विरोध में एक मत पड़ा जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा।

मतदान से पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा, ''हवा, जमीन और समुद्र के रास्ते लगातार तीव्र और व्यापक हमले हो रहे हैं।'' उन्होंने परिषद में कहा, ''गाजा वासियों को गेंद की तरह इधर से उधर जाने को कहा जा रहा है। उन्हें जीवित रहने के लिए किसी भी बुनियादी सुविधा के बिना दक्षिण की छोटी-छोटी पट्टियों में रहने को मजबूर किया जा रहा है।''

गाजा की सीमा इजराइल और मिस्त्र से लगती है जिसे सील कर दिया गया है जिसकी वजह से फलस्तीनियों के पास इलाके में ही शरणार्थी के तौर पर रहने का विकल्प है। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक युद्ध शुरू होने से अब तक 17,400 लोग मारे गए हैं जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

इजराइल नागरिकों की मौत के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराता है और आतंकवादियों पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाता है। इजराइल के मुताबिक उसने नागरिकों को नुकसान कम करने के लिए अपने निकासी आदेशों के अमल के लिए काफी प्रयास किए हैं। गाजा निवासियों ने शनिवार को बताया कि गाजा पट्टी के उत्तरी हिस्से के साथ-साथ दक्षिण में हवाई हमले और गोलाबारी की सूचना दी, जिसमें राफाह शहर भी शामिल है, जो मिस्र की सीमा के पास स्थित है और इस इलाके को इजरायली सेना ने नागरिकों को खाली करने का आदेश दिया था।

## पहले मंदिर में, फिर जन-जन के मन मंदिर में लौटेंगे राम : होसबाले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शनिवार को कहा कि भगवान श्री रामलला 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अपनी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में लौट रहे हैं और इसके बाद श्री राम जन जन के मन मंदिर में भी लौटेंगे।

होसबाले ने अयोध्या में जन्मभूमि पर हो रहे श्रीराम मंदिर के निर्माण की ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण यात्रा को रेखांकित करती पुस्तक 'राम फिर लौटे' का लोकार्पण के समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वामी ज्ञानानंद महाराज, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता, विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार भी मौजूद थे। पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा हैं तथा प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है। मंच का संचालन प्रभात प्रकाशन के श्री प्रभात कुमार ने किया। होसबाले ने कहा कि राम शुभ हैं, राम मंगल हैं, राम प्रेरणा हैं, विश्वास हैं। वे धर्म की मूर्ति नहीं विग्रह हैं, स्वयं धर्म हैं। जीवन का मर्म हैं, आदि और अंत हैं। प्रभु श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के पश्चात पहले राजमहल में और अब 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात 22 जनवरी को जन्म स्थान पर बने भव्य मंदिर में लौट रहे हैं। इसके बाद श्रीराम जन-मन के हृदय मंदिर में लौटेंगे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता के लिए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का आंदोलन था। राम मंदिर एक और मंदिर या पर्यटन का केंद्र नहीं है अपितु, यह तो तीर्थाटन का स्तंभ है। श्रीराम की अयोध्या यानी त्याग, लोकतंत्र, मर्यादा है।


## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, ईश्वर की सत्ता पर भले ही मतिभिन्नता हो लेकिन कर्म की सत्ता तो कोई नहीं नकारता। कृपया बताएं कि कर्म यथार्थ में है क्या और इसको कैसे जानें ?

**उत्तर :** चैतन्य और क्रिया का व्यवहार में एक होकर प्रकट होना कर्म है। जो कुछ भी मन, बुद्धि, अहंकार और स्मृति के माध्यम से समझ में आता है और व्यक्ति के अनुभव में आता है वह सब कर्म है। केवल अनुभूति से ही कर्म को जान सकते हैं। चूंकि ईश्वर अनुभूति-मय और अनुभूति गम्य है इसीलिए कर्म को ईश्वर भी कहते हैं। इसी से सत्संग को साक्षात फल कहा जाता है। इस प्रकार प्राथमिक रूप से 'यथार्थ' स्वयं कर्म ही है। हरेक की अनुभूति की गहनता के अनुरूप कर्म के सारे प्रकार उसकी चेतना का स्वरूप लेकर प्रकट और अंतर्ध्यान होते रहते हैं। यह प्रकट और अंतर्ध्यान होना ही 'यथार्थ-में' कर्म है ।



# व्यावसायिक विकास के लिए अफ्रीका में अप्रतिम संभावनाएं : विमल शाह

## 'जीतो' साउथ चैप्टर ने किया कार्यक्रम का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर में शुक्रवार को आयोजित इस विशेष सत्र में जीतो एपेक्स निदेशक, जीतो केकेजी ज़ोन प्रबंधक समिति टीम, जीतो साऊथ प्रबंधक समिति टीम, जेबीएम साऊथ समन्वयक और सह-समन्वयक, जेबीएन ट्रेंडसेटर्स के अनेक सदस्यों की उपस्थिति में जीतो साऊथ के एक खास कार्यक्रम में युगांडा के प्रतिष्ठित व्यावसायिक समूह , 'बिडको' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विमल शाह ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनज़र भारतीय कंपनियों के लिए अफ्रीका में वाणिज्य और व्यापार की संभावनाओं का क्षितिज और भी



व्यापक हो गया है। 'एक्स्पेंडिंग होराइज़न्स' विषयक इस सत्र में उन्होंने अफ्रीका में कारोबार विस्तार और विकास के अनेक पहलुओं पर रोशनी डाली। गौरतलब है कि 'बिडको युगांडा लिमिटेड' युगांडा का स्थानीय प्रतिष्ठित व्यावसायिक समूह है, जो इंटरनेशनल फ़ंड फ़ोर एग्रिकचलर डेवलपमेंट व विश्व बैंक के समर्थन में बिडको अफ्रीका लिमिटेड और विल्मार इंटर्नेशनल लिमिटेड के संयुक्त उद्यम के रूप में कार्यरत है। यह कंपनी खाद्य तेल , स्वास्थ्य उपयोगी व व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधित उत्पादों का निर्माण करती है। विमल शाह ने बताया कि अफ्रीका का वर्तमान परिदृश्य व्यावसयिक विकास के लिए अनुकूल बना हुआ है और भारतीय कंपनियां चाहे तो अपने कारोबार के लिए वहां संभावनाएं तलाश कर सकती है। सत्र में दीपक श्रीश्रीमाल, महावीर मेहता, अशोक मेहता, विनोद जैन सहित पचास से भी अधिक जीतो पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। जीतो साऊथ के मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमाल ने सत्र में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इसके उपरांत विमल शाह ने अफ्रीका में बिडको की अपार सफलता का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने अफ्रीकी व्यावसायिक परिदृश्य को लेकर संभावित चुनौतियों का खुलासा किया। कार्यक्रम के दौरान विक्रम बागरेचा ने भी अपने विवार व्यक्त किए



# मनुष्य जीवन में धर्म पर विश्वास, सत्य का अनुभव और बुरे कर्मों से बचाव होना जरूरी है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो विहार धाम नेलहलू में साध्वी भव्यगुणाश्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में धर्म पर विश्वास, सत्य का अनुभव और बुरे कर्मों से बचाव होना जरूरी है। हर व्यक्ति के लिए योग्यता की यह कसौटी है। कसौटी का जीवन में बहुत महत्व होता है। कसौटी सोने की असलियत बताती है। बहुतों को योग्यता का अहंकार होता है किंतु कसौटी पर खरे उतरने वाले ही विरले होते हैं। साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि सत्य से सफलता मिलती है। सत्य से जो सफलता प्राप्त करता है। वह सदैव बनी रहती है। इसके विपरीत बुरे कर्म से सफलता तो मिल जाती है लेकिन वह अधिक दिनों तक टिकती नहीं है। हर व्यक्ति को सत्य पर विश्वास करना चाहिए क्योंकि सत्य से ही सत्य को आकर्षित किया जा सकता है। दुनिया के प्रत्येक सफल कार्यों में सत्य का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। हमें सत्य को सदैव अनुभव करना चाहिए। पारस भंसाली ने बताया कि विहार सेवा मे मनोज परमार, कांतिलाल गांधीमुथा, प्रकाशचंद श्रीश्रीमाल, कीर्तिकुमार बंदामुथा, ओम देवासी ने लाभ लिया।



# मुनिश्री का जन्मोत्सव व दीक्षार्थी की वर्षीदान यात्रा आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी एक बार फिर मंजूनाथनगर से श्रीरामपुरम एलएनपुरम पहुंचे। इस मौके पर अनेक श्रावकों ने विहार सेवा का लाभ लिया। जेपीपी श्रमणी भवन में मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने पांच प्रकार के दान की महत्ता को समझाते हुए कहा कि सबसे पहला दान है अभयदान यानी जीवों की रक्षा करना। जीवों को बचाना किसी भी जीव को मारना नहीं वह अभी दान है।

दूसरे दान सुपात्रदान, तीसरे कीर्तिदान, उचितदान और अनुकंपादान के बारे में बताया तथा महिमा समझाई। मुनिश्री राजपद्मसागरजी म.सा. का 39वां जन्मोत्सव व दीक्षार्थी विशालकुमार भंसाली की वर्षीदान यात्रा रविवार को सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी।

मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी ने बताया कि सुनना सबको पसंद आता है, समझना भी सबको पसंद आता है, इस प्रकार से सुनने और समझने से अपने जीवन में परिवर्तन आता है, इसलिए प्रवचन को सुनना चाहिए। सुनने से ही जीवन का उद्धार होता है। संघ सचिव नरेंद्र आच्छा ने बताया कि महाराज साहब के जन्मोत्सव निमित्त जीवदया, महावीर प्रसादी एवं साधार्मिकों के लिए विशेष किट का भी वितरण किया जाएगा।



# सूरीमंत्र साधना पुण्य का निजी संचय करने के लिए महत्त्वपूर्ण है : मुनिश्री मेरुपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में मुनि मेरुपद्मसागरजी एवं अर्हमपद्मसागरजी ने प्रवचन में कहा कि रविवार को आचार्य महेन्द्रसागरसूरीजी के सूरिमंत्र साधना का आखरी एवं 25 वां दिन हैं। आचार्यश्री पिछले 25 दिनों से एकांत मौन साधना में है। उन्होंने कहा कि शासन के महत्वपूर्ण कार्यो को करने की पुण्य का निजी संचय के लिए यह महत्वपूर्ण साधना होती है जिसे सिर्फ आचार्यको ही करने को अधिकार है। चूंकि वर्तमान में जब तीर्थकर अनुपस्थित है तब शासन को चलाने का जिम्मा आचार्य का होता है। प्रतिदिन घटों तक ये साधना तपपूर्वक करने की विधि होती है। जाप साधना है। कला के अंतिम दिन सुख, समृधि की अधिष्ठात्री भी देवी का महा अनुष्ठान विधान किया जाएगा। ये बडी महत्त्वपूर्ण और कठिन साधना है। मौजूदा समय में जब वैश्विक विसंगतियों, सामाजिक पतन और पारिवारिक बिखराव बढ़ रहा है ये साधना बडे मायना रखती है। रविवार के दिन आचार्यश्री साधनापूर्ण कर प्रात:7:45 बजे सभी को दर्शन देंगे तथा महामांगलिक प्रदान करेंगे।



# अलसूर यातायात पुलिस ने मनाया संचार सम्पर्क दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के अलसूर यातायात पुलिस ने शनिवार को अलसूर में संचार संपर्क दिवस का आयोजन जैन भवन में किया। बेंगलूरु संचार पूर्व विभाग के उप पुलिस आयुक्त कुलदीपकुमार जैन एवं पूर्व उपविभाग के सहायक पुलिस आयुक्तकिशोर भरणी सहित अनेक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित जनों ने अलसूर की यातायात समस्याओं से पुलिस अधिकारियों से अवगत कराया। पार्किंग समस्या, वन वे, सिग्नल आदि समस्याओं पर वरिष्ठ अधिकारियों ने समाधान दिये व सुलझाने का आश्वासन भी दिया। कई नागरिकों ने पुलिस व्यवस्था पर सराहना भी की। कुलदीप कुमार जैन ने कहा कि बेंगलूरु बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

भविष्य में और ज्यादा वन-वे व पार्किंग समस्या हो सकती है, इसलिए हम पुलिस विभाग से ज्यादा सहयोग करे। किशोर भरणी ने भी सभा को संबोधित किया।

अलसूर जैन संघ की ओर से संघ मंत्री अभयकुमार बांठिया ने अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर गौतमचन्द पगारिया, प्रकाशचन्द नाहटा, सुनील कुमार कावडिया, केयान्श बांठिया आदि उपस्थित थे।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के करुणाड कन्नडा कलासिरी बलेगा द्वारा केंगेरी में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत को 'हेम्मेय कन्नडिगा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए संगठन के अध्यक्ष अम्बरीश एवं अन्य पदाधिकारी।



# बच्चों ने कैनवास पर दिखाई अपनी रचनात्मक प्रतिभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सांस्कृतिक संस्था आर्ट मंत्रम ट्रस्ट की ओर से आयोजित अनबॉक्सिंग हब्बा की ऋंखला के अन्तर्गत शनिवार को लाल बाग में 'भविष्य का बेंगलूरु' विषय पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर आर्ट मंत्रम से जुड़ी बीस प्रमुख चित्रकारों के लिए लाइव पेंटिंग शो का आयोजन किया गया।

यहां चित्रकारों ने सपनों का बेंगलूरु विषय पर अपने चित्र कैनवास पर उकेरे। वहीं फैशन शो में काफी संख्या में महिलाओं ने कर्नाटक की हस्तनिर्मित साडियां व गहने पहन कर कैटवॉक किया। आर्ट मंत्रम की अध्यक्ष राजी नारायण ने को बताया कि अनबॉस्क्सिंग हब्बा के अन्तर्गत समूचे बेंगलूरु में बेंगलूरु की विरासत को दर्शाने वाले दस कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुरुआत बेलगाड़ी परेड से हुई थी।

उन्होंने बताया कि बेंगलूरु के दस्तकारों को प्रोत्साहित करने के लिए बुल टैम्पल के पास एक मिनी बाजार लगाया है। यहां बेंगलूरु व आसपास के दस्तकार अपने बनाए उत्पाद बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य आर्ट किसी विशेष के लिए नहीं सबके लिए हो।

## रजत जयंती समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूर रियलटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीआरएआई) के 25 साल पूरे होने के मौके पर शहर में आयोजित एक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, पूर्व मंत्री रोशन बेग। इस मौके पर बीआरएआई के संस्थापक एवं सिल्वर इन रियल्टी के प्रबंध निदेशक फारूक महमूद, शांतिनगर के विधायक एनए हैरिस, सीएमडी, प्रेस्टीज एस्टेटस के सीएमडी इरफान रजाक, बीआरएआई के अध्यक्ष अयूब खान, इरशाद अहमद आदि भी उपस्थित थे ।

# केरल में बढ़त के लिए जोर लगा रहा विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन

तिरुवनंतपुरम। केरल में नवगठित राजनीतिक ब्लॉक 'इंडिया' गठबंधन का फलना-फूलना एक दूर का सपना लगता है। चूंकि केरल में राज्य के गठन के बाद से ही मार्क्सवादियों और कांग्रेस के बीच तेज राजनीतिक लड़ाई रही है, इसलिए आगामी लोकसभा चुनावों में 'इंडिया' गठबंधन की बढ़त को खारिज कर दिया गया है। हमेशा की तरह, सत्तारूढ़ माकपा के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के साथ मुकाबला करेगा और भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए तीसरा राजनीतिक गठन होगा जो 2024 के चुनावों में केरल में 20 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रहा है। दिलचस्प बात यह है कि सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए 'इंडिया' गठबंधन के नेता राहुल गांधी वायनाड में अपनी मौजूदा सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे, जहाँ से पिछली बार वह चार लाख से अधिक मतों से जीते थे।

वायनाड में गांधी की उम्मीदवारी कथित तौर पर 20 में से 19 सीटें जीतकर यूडीएफ की शानदार जीत का कारण थी। सत्तारूढ़ वाम मोर्चे में दूसरे सबसे बड़े सहयोगी भाकपा का सुझाव, कि गांधी को कहीं और चुनाव लड़ना चाहिए, हर तरफ से खारिज कर दिया गया। वायनाड सीट उन चार सीटों में से एक है जिन पर भाकपा चुनाव लड़ती है।



मुख्यमंत्री सिद्दरामैया श्रद्धांजलि देते हुए

# प्रधानमंत्री मोदी सहित हजारों लोगों ने दी मशहूर अभिनेत्री लीलावती को अंतिम श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कन्नड़ की मशहूर अभिनेत्री लीलावती को श्रद्धांजलि अर्पित की। अभिनेत्री का आठ दिसंबर को निधन हो गया। हजारों आम लोगों ने भी कन्नड़ अभिनेत्री को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने कहा कि कन्नड़ फिल्मों की महान हस्ती के निधन के बारे में सुनकर वह दुखी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा, सिनेमा की एक सच्ची प्रतीक जिन्होंने कई फिल्मों में अपने बहुमुखी अभिनय से सिल्वर स्क्रीन की शोभा बढ़ाई। उनकी विविध भूमिकाएं और उल्लेखनीय प्रतिभा हमेशा याद की जाएगी और उनकी प्रशंसा की जाएगी।

सिद्दरामैया ने रवींद्र कलाक्षेत्र का दौरा कर अभिनेत्री के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने जो भी भूमिका निभाई वह ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ निभाई। वह चरित्र को जीवंत बनाने के लिए अपने आप को समर्पित कर देती थीं।

उन्होंने कहा कि लीलावती ने विशिष्ट कालखंडों पर आधारित फिल्मों, सामाजिक संदेश और पौराणिक कथाओं वाली फिल्मों में अभिनय किया और हर फिल्म में उन्होंने अपने किरदार को बखूबी निभाया। सिद्दरामैया ने कहा कि 'भक्त कुंभारा' में उनकी भूमिका अविस्मरणीय थी और उनका यह किरदार हमेशा याद रखा जाएगा। लीलावती के बेटे विनोद राज ने बताया कि अभिनेत्री का अंतिम संस्कार शहर के बाहरी इलाके में सोलादेवनहल्ली में उनके फार्महाउस में होगा। राज भी एक अभिनेता हैं। गौरतलब है कि 85 साल की एक्ट्रेस ने नेलमंगला स्थित एक अस्पताल में आखिरी सांस ली।

लीलावती के परिवार में उनके बेटे विनोद राज हैं, जो कन्नड़ फिल्म उद्योग में एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं। उन्होंने कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन करके भारतीय सिनेमा में एक अमिट छाप छोड़ी।

दक्षिण कन्नड़ के बेलथांगडी में जन्मी लीलावती ने 600 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था, जिनमें से 400 कन्नड़ में थीं। उन्होंने भक्त कुंभारा, मन मेचिदा मदादी और संत तुकाराम जैसी क्लासिक फिल्मों में भी अभिनय किया और लोकप्रियता के शिखर पर पहुंच गईं।

लीलावती ने अपने आखिरी दिन नेलमंगला के पास सोलादेवनहल्ली में बिताए। उन को 1999 में प्रतिष्ठित डॉ. राजकुमार पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने गेज्ने पूजे, सिपाई रामू और डॉक्टर कृष्णा में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार भी जीता।

फिल्मों में कदम रखने से पहले, लीलावती एक थिएटर कलाकार थीं और उन्होंने कई नाटकों में अभिनय किया था। वह महालिंग भगवतार थिएटर मंडली में सुब्बय्या नायडू की साथी थीं। मुख्य अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली फिल्म मंगल्य योग थी। डॉ. राजकुमार के साथ उनकी पहली फिल्म रणधीरा कांतीरावा थी। कर्नाटक सरकार ने अभिनेत्री का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किए जाने की घोषणा की है।

# इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने शुरू किया पोषण नवाचार मंच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भूख और कुपोषण की समस्या के समाधान में सहयोग करने वाले संगठनों और पेशेवरों के मंच इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने केंद्र सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ मिलकर पोषण उपलब्ध कराने की सेवाओं को मज़बूती देने के लिए पोषण नवाचार मंच (पीआईपी) की शुरुआत करने की शनिवार को घोषणा की।

इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय इसमें नॉलेज पार्टनर (अनुभवी सहयोगी) के तौर पर जुड़ रहा है। विटामिन एंजेल्स, जेएचपीआईईजीओ, ट्रांसफॉर्म रुरल इंडिया (टीआरआई) और यूनिसेफ इंडिया जैसे संगठन भी इसमें जुड़े हैं। पीआईपी का उद्देश्य अंतिम छोर पर मौजूद माताओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार करना है।

बयान में कहा गया है कि यह प्लेटफॉर्म शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप, यूनिवर्सिटी इंक्यूबेटर, सिविल सोसाइटी नेटवर्क और देश के कारोबारों को ऐसे अवसर उपलध काराएगा जिसमें वे अपने नवाचार को उसकी अवधारणा के प्रमाण के साथ लोगों के सामने प्रस्तुत कर सकें। यह प्लेटफॉर्म मार्गदर्शन, बीज कोष और निवेश के अवसर उपलब्ध कराएगा, ताकि इन इनोवेशन को सफलतापूर्वक विस्तार दिया जा सके। इस पहल में द कैटलिस्ट 2030, इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव, अकादमिक क्षेत्र, कारोबार, सरकार और सामाजिक क्षेत्र के संगठन और व्यक्ति शामिल हैं। इस पहल के तहत आठ नवाचार को चुना जाएगा ।इनमें से जिन नवाचारों के पास क्रियान्वयन के साथ अवधारणा का प्रमाण, स्थायित्व से जुड़े प्रमाण, प्रभाव और अंतिम पायदान तक डिलिवरी करने का प्रमाण होगा, वे पीआईपी ग्रांट चैलेंज ट्रस्ट फंड के माध्यम से 3 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। अनुमान पाने में विफल नवाचारकर्ताओं को पोषण इनोवेटर्स नेटवर्क (पीआईएन) के माध्यम से मार्गदर्शन और लर्निंग प्रोग्राम उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उन्हें अगले चरण के लिए तैयार किया जा सके।

भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय में निदेशक डॉ. सपना पोटी के हवाले से विज्ञप्ति में कहा गया है,पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म को पोषण सेक्शन में मंथन के साथ फीचर किया जाएगा और हमें आशा है कि यह प्लेटफार्म सरकार के मौजूदा प्रयासों को सार्थक तरीके से पूर्णता प्रदान कर देश में महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करेगा।

पीआईपी के मुख्य सलाहकार एवं मार्गदर्शक डॉ. राजन शंकर ने कहा, इस पहल का लक्ष्य भारत में मौजूद व्यापक टैक्नोलॉजी से जुड़ी प्रतिभाओं और क्षमताओं का लाभ उठाना और भारत को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में लगातार आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है।

डॉ. स्मृति पाहवा, चेयर, इंडिया न्यूट्रिशन कोलेबरेटिव ने कहा, देश में कुपोषण या अल्पपोषण की समस्या का सामना करने के लिए मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर, टैक्नोलॉजी का लाभ उठाकर और अन्य क्षेत्र की सफलताओं से सीखकर अप्रभावी डिलिवरी और स्वीकार्यता की कमी की समस्या का समाधान करने की तत्काल ज़रूरत है।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चुनाव याचिका मामले में विधायक कनीज फातिमा को नोटिस जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने विधायक कनीज फातिमा को उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाले मामले में उन्हें नोटिस जारी किया है। कांग्रेस विधायक के निर्वाचन को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि उन्होंने चुनावी हलफनामे में अपनी संपत्ति के बारे में झूठी सूचना दी थी। फातिमा इस साल मई में हुए विधानसभा चुनाव में गुलबर्ग उत्तर सीट से विधायक चुनी गई थीं।

न्यायमूर्ति सी.एम. पूनाचा की एकल न्यायाधीश की पीठ ने शुक्रवार को याचिका की सुनवाई की। उन्होंने नोटिस जारी किया और सुनवाई चार हफ्तों के लिए टाल दी तथा प्रतिवादी को आपत्तियां दर्ज कराने की अनुमति दी। याचिकाकार्ता, ए. एस. शरणाबसप्पा ने जद(यू) के टिकट से यह चुनाव लड़ा था लेकिन वह हार गए थे।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि प्रतिवादी संख्या-1 (फातिमा) ने भारतीय स्टेट बैंक में मौजूद अपने अकाउंट के विवरण का खुलासा नहीं किया। यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बेंगलुरु स्थित एक मकान के अपने एक-तिहाई मालिकाना हक और एक अन्य संपत्ति का खुलासा नहीं किया। 2018 के चुनावी हलफनामे में किये गए दावे के अनुसार, इन संपत्तियों का मूल्य 9.21 करोड़ रुपये आंका गया था लेकिन अब इसे केवल 9.3 करोड़ रुपये बताया गया है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि फातिमा ने 2018 में अपनी अचल संपत्ति 14.5 करोड़ रुपये होने का दावा किया था लेकिन पांच साल बाद इसका मूल्य केवल 14.64 करोड़ रुपये ही है, जो स्वीकार्य नहीं है।

## वॉकथॉन



बेंगलूरु में शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने जयनगर में जेडएस बेंगलुरु वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई।

# जदएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने इब्राहिम और नानू को पार्टी से निष्कासित किया: देवेगौड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। जद (एस) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कर्नाटक प्रदेश इकाई अध्यक्ष सी एम इब्राहिम और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी. के. नानू को 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

जनता दल (एस) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक के बाद देवेगौड़ा ने दोनों नेताओं को निष्कासित करने के फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी की छवि और हितों को नुकसान पहुंच रहा था जिसके कारण यह निर्णय लिया गया। देवेगौड़ा ने कहा, ''बेंगलूरु में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक आहूत की गई और उन्हें पार्टी से बाहर करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।''

जद (एस) की मंड्या जिला इकाई के अध्यक्ष डी रमेश और जद (एस) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष पुनीत कुमार सिंह ने कार्यकारी बैठक में इब्राहिम और नानू को पार्टी से निष्कासित करने का प्रस्ताव पेश किया।

देवेगौड़ा ने कहा, इन दोनों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। देवेगौड़ा के साथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एच डी कुमारस्वामी, पार्टी की सभी प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष और कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे।

यह कार्रवाई ऐसे समय की गई है जब पार्टी से अब निष्कासित कर दिये गए पूर्व केंद्रीय मंत्री इब्राहिम ने 11 दिसंबर को बेंगलूरु में राष्ट्रीय स्तर की बैठक बुलाने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। इब्राहिम ने लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करने के फैसले को लेकर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत की थी।





# आरवाईए मेट्रो फूड बैंक द्वारा 5 हजार राहत किट का वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तूफान के द्वारा आई आपदा के संकट को दूर करने के लिए अनेक सामाजिक संगठन आगे आए हैं। आरवाईए मेट्रो फूड बैंक ने प्रभावित लोगों को सहायता के लिए 5 हजार से अधिक आपातकालीन राहत खाद्य किटों का आयोजन किया।

जिसमें केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के अन्नामलाई आदि की उपस्थिति में खाद्य किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में आरवाईए मेट्रो फूडबैंक के प्रबंध न्यासी निर्मल नाहर, अध्यक्ष कपिल चोरड़िया, सचिव गिरीश भंडारी आदि उपस्थित थे।

## चंद्रशेखर ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का लिया जायजा

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चक्रवाती तूफान मिचौंग' के कारण हुई भारी बारिश के चलते बाढ़ की चपेट में आए चेन्नई शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा कर शनिवार को यहां की स्थिति एवं राहत-कार्यों का जायजा लिया। चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चेन्नई में चक्रवात से प्रभावित लोगों की पीड़ा को लेकर काफी चिंतित हैं और बाढ़ के कहर से उबरने में उन्हें हर तरह की मदद करने को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने चेन्नई के प्रभावित इलाकों में आपदा से राहत के मद्देनजर करीब 1,000 करोड़ रुपये की राशि जारी की है और वह यहां की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता व जलशक्ति राज्यमंत्री चंद्रशेखर ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, प्रधानमंत्री जी को चेन्नई के लोगों की चिंता है। उन्होंने मुझे जिला प्रशासन/राज्य सरकार से मिलकर स्थिति का जायजा लेने के लिए भेजा है। चेन्नई के प्रभावित इलाकों के (आपदा प्रबंधन एवं राहत) लिए वह 1,000 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर चुके हैं और वह चेन्नई के लोगों को आपदा के कहर से उबरने में हर संभव मदद करेंगे।

राजीव चंद्रशेखर ने बाढ़ प्रभावित चेंगलपट्टू जिले के मुदीचुर और कांचीपुरम जिला स्थित वरदराजापुरम व अन्य इलाकों का दौरा कर वहां के हालात का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पूरी स्थिति का जायजा लेने के बाद वह शाम से उससे प्रधानमंत्री जी को अवगत कराएंगे और अगर अन्य किसी प्रकार की मदद की जरूरत होगी तो वह भी केंद्र सरकार करेगी।



# देवनहल्ली में भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को देवनहल्ली के आवथी में आयोजित विकासशील भारत संकल्प यात्रा का उद्घाटन किया। जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बी.वाई विजयेंद्र शामिल हुए। साथ ही अतिथियों को बताया गया कि देश के लोगों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के नेक इरादे और 2047 तक भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के संकल्प के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत' संकल्प यात्रा महाअभियान शुरू किया है।

सभी ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों में एलईडी वाहनों के माध्यम से मुद्रा, जनधन, पीएम विश्वकर्मा, उज्वला सहित केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों को एक साथ लाने के लिए लोगों को जागरूक कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने तथा इन योजनाओं से वंचित लाभुकों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी और जनता से इसका लाभ उठाने का अनुरोध किया। एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चलवादी नारायणस्वामी, ग्राम पंचायत और स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# तमिलनाडु सरकार को जांच करनी चाहिए कि बाढ़ का पानी घटने में चार दिन क्यों लगे : राजीव चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए कि चेन्नई और आस-पास के इलाकों में तबाही मचाने वाले चक्रवात 'मिगजॉम' के बाद बाढ़ का पानी घटने में चार दिन क्यों लगे।

चंद्रशेखर ने कहा कि लंबे समय तक जलभराव रहने की भी जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, जांच की जरूरत है क्योंकि जलस्तर में कमी आने में इस प्रकार की देरी तथा चार दिनों तक जलभराव के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर, उनके घरों एवं इमारतों की ढांचागत मजबूती पर असर पड़ेगा, खासतौर पर गरीबों और निचले इलाकों में मकानों पर। केंद्रीय उद्यमिता, कौशल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और कहा कि जांच जल्द शुरू की जानी चाहिए तथा इस संबंध में उन्होने केंद्र की सहायता का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चेन्नई के घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रहे हैं और हर तरह से प्रत्येक नागरिक की मदद करने तथा इस संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार को जिस भी प्रकार की मदद की जरूरत है वह मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने मुदिचूर और वरदराजपुरम का निरीक्षण किया तथा राज्य सरकार के अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने देखा कि लोग ''काफी परेशान'' थे। इसके बाद, उन्होंने वेस्ट माम्बलम में बाढ़ प्रभावितों के लिए चलाए जा रहे राहत कार्यों का भी जायजा लिया।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 'कलारीपयट्टू' संघ का पंजीकरण रद्द किया

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने नाम में एक अतिरिक्त अक्षर 'पी' जोड़कर किसी अन्य एसोशिएशन की नकल के आरोपी 'कलारीपयट्टू' के एक संघ को सोसायटी के रजिस्ट्रार द्वारा प्रदत्त पंजीकरण प्रमाण पत्र को रद्द करते हुए उसे प्रदान की गई सभी संबद्धताएं और अनुदान निरस्त कर दिया है।

कर्नाटक कलारीपयट्टू एसोसिएशन की ओर से दायर की गई याचिका को न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल न्यायाधीश वाली पीठ ने अनुमति दे दी है और प्रतिवादी संघ 'कर्नाटक कलारीपयट्टू एसोसिएशन' की संबद्धता और पंजीकरण को हाल के एक आदेश में रद्द कर दिया है। प्रतिवादी संघ न्यायालय की कार्यवाही से अनुपस्थित रहा और अदालत में उसका प्रतिनिधित्व भी नहीं किया गया।

# स्टालिन ने चक्रवात प्रभावित लोगों को छह-छह हजार रुपये की नकद सहायता देने की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने राज्य में मिगजॉम' तूफान से प्रभावित लोगों को छह-छह हजार रुपये की नकद सहायता देने और फसल खराब होने पर मिलने वाला मुआवजा सहित विभिन्न श्रेणियों में राहत राशि बढ़ाने की शनिवार को घोषणा की। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह सहायता उन लोगों को दी जाएगी जिनका जीविकोपार्जन चक्रवात के कारण प्रभावित हुआ है। सरकार यह सहायता राशन की दुकानों पर नकदी के रूप में देगी।

चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के कारण तीन और चार दिसंबर को चेन्नई और आसपास के जिलों चेंगलपेट, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर में मूसलाधार बारिश हुई, जिससे बाढ़ आ गई तथा जानमाल की हानि हुई। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद सचिवालय में उनकी अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें बाढ़ से हुए नुकसान और प्रभावित लोगों को प्रदान की जाने वाली राहत की समीक्षा की गई।

एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्टालिन ने धान सहित बारिश से प्रभावित फसलों (33 प्रतिशत और अधिक) के लिए मुआवजा 13,500 रुपये प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 17,000 रुपये करने का आदेश दिया है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, यदि बारहमासी फसलें और पेड़ प्रभावित हुए हैं, तो प्रति हेक्टेयर मुआवजा 18,000 रुपये से बढ़ाकर 22,500 रुपये प्रति हेक्टेयर कर दिया जाएगा। वर्षा आधारित फसलों के लिए मुआवजा 7,410 रुपये प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 8,500 रुपये किया जाएगा।



# 'लूट व झूठ की दुकान' ही कांग्रेस का असली सच : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने ओड़िशा से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में 200 करोड़ रुपये अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद होने का जिक्र करते हुए कहा कि 'लूट व झूठ की दुकान' ही कांग्रेस का असली चेहरा है। जोशी ने शनविार को यहां मीडिया से बातचत में कहा, देश की जनता कहने लगी है 'कांग्रेस मतलब करप्शन की दुकान, यह इसलिए कहा जाता है क्योंकि इनको मोहब्बत पैसों से है, इनको मोहब्बत सिर्फ लूट से है। इसलिए इस मोहब्बत की दुकान में नोटों का कितना बड़ा ढेर मिला है... यह पूरे देश की जनता ने देखा है... कि लूट एवं झूठ की दुकान ही कांग्रेस का असली सच है।'

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने पिछले साल अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर देश में नफरत फैलाने का आरोप लगाया था और कहा था कि वह नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं। जोशी ने कहा, 'लूट ही कांग्रेस का असली सामान है और लोग कहने लगे हैं कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस का काम है लूट, झूठ और फूट डालना तथा यही असली चेहरा कांग्रेस के पतन का कारण बनता जा रहा है क्योंकि उनका असली चेहरा अब जनता ने देखा लिया है।'

निवर्तमान कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यही हाल राजस्थान की जनता ने भी पांच साल में देखा है जहां सरकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हुए तो जल जीवन मिशन और पोषाहार मिशन में लूट मची रही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कार्रवाई करेगी और कांग्रेस द्वारा लूटा गया पैसा जनता को लौटाएगी।

पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक की तारीख संबंधी सवाल पर जोशी ने कहा कि पार्टी ने पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं और जल्द ही बैठक की तारीख भी घोषित की जाएगी। राज्य की 200 में से 199 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम रविवार को आए थे। भाजपा को 115 सीटों के साथ बहुमत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बरकरार है।

मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल और दीया कुमारी के नामों की अटकलें चल रही हैं। भाजपा ने राजस्थान में विधायक दल का नेता चुनने के लिए निर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है।

# राजस्थान के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस

जयपुर। राजस्थान में बीती रात सीकर का फतेहपुर सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार बीती रात न्यूनतम तापमान सीकर में 7.0 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 7.3 डिग्री सेल्सियस, संगरिया में 7.9 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 8.1 डिग्री सेल्सियस, जालोर में 8.3 डिग्री सेल्सियस और गंगानगर में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह यह चित्तौड़गढ़ में 10.6 डिग्री सेल्सियस व जोधपुर में 10.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

## प्रदर्शन



श्रीगंगानगर में शनिवार को गंगासिंह चौक पर भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने कांग्रेस सांसद के ठिकाने से बरामद हुई भ्रष्टाचार की काली कमाई के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

# बालक नाथ ने मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने की अटकलों पर कहा : नजरअंदाज करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान की तिजारा विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालकनाथ ने आगामी मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में उनके नाम को लेकर चल रही चर्चाओं पर शनिवार को कहा कि लोग ऐसी चर्चाओं को नजरअंदाज करें। विधायक ने कहा कि उन्हें अभी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में अनुभव प्राप्त करना है। बालकनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, चुनाव परिणाम आने के बाद से मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं को नजरअंदाज करें। मुझे अभी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में अनुभव प्राप्त करना है।

इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि पार्टी ने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता-जनार्दन ने पहली बार सांसद व विधायक बना कर राष्ट्र सेवा का अवसर दिया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य की 200 में से 199 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम रविवार को आए थे।

भाजपा को 115 सीटों के साथ बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बरकरार है। मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालक नाथ और दीया कुमारी के नामों की अटकलें चल रही हैं। भाजपा ने राजस्थान में विधायक दल का नेता चुनने के लिए निर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है।

## गहलोत का भाजपा से सवाल

# छह दिन में क्यों नहीं कर पाए सीएम के नाम की घोषणा?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर/नई दिल्ली। राजस्थान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की पोल खुलती नजर आ रही है। छह दिन तक भाजपा नेतृत्व राजस्थान का मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाता है और भाजपा नेता कहते हैं पार्टी में अनुशासन है। गहलोत शनिवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में सीएम चयन में हो रही देरी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अब तक सीएम नहीं चुन पाए हो जबकि अगर कांग्रेस पांच-छह दिन मुख्यमंत्री का फैसला नहीं करती तो पता नहीं आप क्या-क्या चिल्लाते कि आपस में फूट है, झगड़ा है। अब आप इनको पूछो क्या है? आपके पास क्या है? आज छह दिन हो गए हैं, मुख्यमंत्री का फैसला नहीं हुआ। गहलोत ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या हुई। एनआईए जांच के लिए केंद्र सरकार को मुझे लिखकर भेजना पड़ा। एनआईए जांच का लेटर मेरे साइन से गया है कि इस मर्डर की जांच एनआईए से होनी चाहिए, हमें ऑब्जेक्शन नहीं है जबकि यह काम नए मुख्यमंत्री का था। राज्यपाल ने मुझे कार्यवाहक सीएम बना रखा है,जब तक नया सीएम शपथ नहीं ले, मुझे कार्रवाई करनी पड़ती है। मैं चाहता हूं जल्दी इसका फैसला हो।

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार पर गहलोत ने कहा कि भाजपा के पास कोई इश्यू नहीं था, इन्होंने धार्मिक तनाव बढ़ाने वाले भाषण दिए। चुनाव का ध्रुवीकरण कर दिया। राष्ट्रीयता, ध्रुवीकरण, हिंदू-मुस्लिम तो फिर आप देख सकते हो क्या होता है? वही हुआ हमने कहा था, जनता माई बाप होती है, वो जो फैसला करेगी, उसे विनम्रता से स्वीकार करेंगे।

उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि चुनाव स्थानीय मुद्दों पर हो। भाजपा नेता हमारे पांच साल के कार्यकाल पर बात करते, उसकी कमियां बताते लेकिन चुनाव को धर्म के नाम पर ले गए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री किसी ने भी हमारे कामकाज की चर्चा नहीं की, इसका मुझे दुख है। कन्हैयालाल मर्डर पर झूठ फैलाया गया कि केवल पांच लाख दिए गए, जबकि कन्हैयालाल के परिजनों को पचास लाख मिले थे। भाजपा ने पब्लिक में भर दिया है कि उसको बहुत कम पैसा मिला। इतनी बड़ी घटना हुई, यह नहीं कहा कि एनआईए जांच का फैसला उसी रात कर दिया था।

गहलोत ने कहा कि कन्हैयालाल मर्डर की जांच एनआईए से करवाने का फैसला उसी रात कर लिया था। अभी तक उसकी जांच पूरी नहीं की है। हमारे पास केस होता तो हो सकता है, अब तक आरोपितों को सजा हो जाती। इन्होंने कुछ नहीं किया। गहलोत ने कहा कि चुनाव के दौरान इनके पास कोई मुद्दा नहीं था, केवल भड़काने का काम किया। ये लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोग हैं। संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स महकमों का दुरुपयोग कर रहे हैं। चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के घर घुस गए। वैभव गहलोत को नोटिस दे दिया, बुला लिया। ये डिस्टर्ब करना जानते हैं। पूरे देश के अंदर बहुत खतरनाक खेल चल रहा है, जनता आज नहीं तो कल जवाब देगी।



# राजस्थान को लेकर कांग्रेस की समीक्षा बैठक, कमियां दूर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का संकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के हालिया विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार की समीक्षा के लिए शनिवार को बैठक की और यह फैसला किया कि कमियों को दूर करके तथा एकजुट होकर अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

राजस्थान के साथ मिजोरम विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। राजस्थान से संबंधित समीक्षा बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।

बैठक के बाद रंधावा ने संवाददाताओं से कहा, काफी लंबी चर्चा हुई है।

हमारे कई उम्मीदवार बहुत कम वोटों से हारे। हमने नेतृत्व को बोल दिया है कि हम लोकसभा चुनाव की तैयारियां करेंगे। जहां जहां कमियां थीं, उनको हम दूर करके चुनाव लड़ेंगे। एकजुट होकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी पूरी कांग्रेस एकजुट होकर लड़ी थी। यह पूछे जाने पर क्या प्रभारी पद से उन्होंने इस्तीफे की पेशकश की तो रंधावा ने कहा, उन्होंने (नेतृत्व) कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में राजस्थान में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

रंधावा के मुताबिक, उन्होंने पहले ही कह दिया था कि वह विधानसभा चुनाव तक रहना चाहते थे।

कांग्रेस के मिजोरम प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा, हमने मिजोरम चुनाव के हर पहलू पर चर्चा की, जिसमें जमीनी स्तर और राज्य स्तर पर राज्य की संगठनात्मक संरचना के साथ-साथ चुनाव के दौरान हुए विभिन्न घटनाक्रम शामिल थे। उन्होंने कहा, हमने अपनी भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इन सभी मामलों पर गहन चर्चा की गई।

# अभ्युदय : द यूथ राइजेज में अजीज की प्रस्तुति ने बांधी समां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर के दो दिवसीय इंटरनेशनल नेशनल इंटरकॉलेजिएट यूथ फेस्ट अभ्युदय: द यूथ राइजेज में मशहूर गायक नकाश अज़ीज़ ने अपने शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। इस कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को नकाश अज़ीज़ ने अपने सुपरहिट गाने करंट लगा रे, फ़िकर नॉट, स्लो मोशन, नच मेरी जान की प्रस्तुति से समां बांध दिया। उदघाटन सत्र में मिस एलीट राजस्थान ईशा अग्रवाल और मिस एलीट राजस्थान उपविजेता नेहा शेखावत के साथ आरबीएस बिजनेस स्कूल, यूएसए के सहायक डीन डॉ. डिट्रिच सचान्ज़ मेहमान के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. दानेश्वर शर्मा डीन, स्टूडेंट्स अफेयर और कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने अतिथियों को संस्था की कार्यप्रणाली से परिचित कराया। डॉ. प्रभात पंकज ने बताया कि 75 कॉलेजों के 1500 से अधिक छात्रों ने अभ्युदय में हिस्सा लिया। जयपुरिया प्रीमियर लीग मेजबान जयपुरिया, जयपुर ने जीती है वहीं 'रंगशाला' रंगोली प्रतियोगिता की विजेता महारानी कॉलेज की महिका कुमावत और सृष्टि बंगाली थीं। इन'वोर्टेक्स' लैन गेमिंग प्रतियोगिता बीजीएमआई को जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर के अमन मोहम्मद, पुष्कर यादव, सबरेज खान और दानिश खान ने जीता और वेलोरेंट को आनंद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर की टीम के सचिन ने जीता। एकल नृत्य प्रतियोगिता 'हॉट स्टेपर' एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज की विभांशी अहारी ने जीती। 'राइज द माइक' एकल गायन प्रतियोगिता कृष्णा व्यास जेईसीआरसी फाउंडेशन एव 'ग्रूव इट' युगल नृत्य एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के तान्या और राज ने जीता।

# गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में एक युवक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने गोगामेड़ी हत्याकांड के सिलसिले में हरियाणा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। जयपुर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं में शामिल आरोपी रामवीर जाट को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। यह हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के सुरेती पिलानियां गांव का रहने वाला है।

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार को शूटर नितिन फौजी एवं रोहित राठौड़ ने अंधाधुंध गोलीबारी कर हत्या कर दी थी । पुलिस के अनुसार नितिन फौजी के लिए जयपुर में पूरी व्यवस्था रामवीर ने की थी। उन्होंने बताया कि ये दोनों दोस्त हैं । वारदात के बाद रामवीर ही आरोपी नितिन एवं रोहित को मोटरसाइकिल पर लेकर बगरू टोल प्लाजा से आगे गया और उन्हें राजस्थान रोडवेज की एक बस में बैठाया था। पुलिस के अनुसार इस मामले में रामवीर एवं एक अन्य संदिग्ध आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



## गहलोत ने गोगामेड़ी हत्याकांड की एनआईए जांच का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा

जयपुर। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की एनआईए जांच की सिफारिश कार्यवाहक सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार को भेज दी है । गहलोत ने कहा कि यह कार्य नए सीएम को करना था, लेकिन राज्यपाल ने मुझे कार्यवाहक सीएम बना रखा है, तो मेरे हस्ताक्षर से एनआईए जांच का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है ।

वहीं राजस्थान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा इनकी(भाजपा) पोल खुलती जा रही है। 7 दिन तक तुम मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं कर पा रहे और बात करते हैं कि हमारी पार्टी में अनुशासन है...नेता प्रतिपक्ष हाईकमान घोषित करेगा।

दिल्ली पहुंचने पर राजस्थान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा,...आज चुनाव के बाद की समीक्षा बैठक होगी। इसमें हम हिस्सा लेंगे। चुनाव पर चर्चा होगी, बैठक में जो भी फैसला होगा वो हमें मान्य होगा।

दिल्ली पहुंचने पर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा, आज पार्टी आलाकमान ने बैठक बुलाई है जिसमें हम चर्चा करेंगी कि क्या कमियां रही जिनके चलते हम सत्ता में नहीं लौट पाए। चर्चा के आधार पर पार्टी नेतृत्व जो दिशा-निर्देश देगा उसके तहत हम मज़बूती के साथ लोकसभा चुनाव में जाएंगे।

# भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बांसवाड़ा । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज अपनी एकदिवसीय यात्रा पर राजस्थान पहुंचे। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने बांसवाडा के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद किया तथा उनके साथ में लंच भी किया। इससे पूर्व उन्होंने माता त्रिपुरा सुंदरी के ऐतिहासिक मंदिर में डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ दर्शन और पूजा अर्चना भी की। जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जुलाई 2022 में देश में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला जब एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति चुना गया। उन्होंने आगे कहा कि संविधान निर्माताओं की आत्मा को यह देख कर कितना सुकून मिला होगा जब एक आदिवासी समाज से आने वाली महिला को भारत का प्रथम नागरिक चुना गया।

जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए एक छात्रा के प्रश्न का उत्तर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ग्लोबल साउथ की आवाज सशक्त तरीके से उठा रहा है। जनजातीय आबादी वाले अफ्रीकी यूनियन को जी20 में शामिल करवाना हमारी ऐतिहासिक उपलब्धि है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि अंग्रेजों ने जो कानून बनाए अपनी सहूलियत के लिए बनाए, स्थानीय जनता और जनजातियों को काबू करने के लिए बनाए। अपने तंत्र को बचाने के लिए बनाए। बहुत गहन चिंतन के बाद, सरकार इनमे तीन बदलाव करने जा रही है।

उपराष्ट्रपति ने आगे महिला आरक्षण विधेयक का जिक्र करते हुए कहा कि मैं बांसवाड़ा की भूमि से यह बताना चाहता हूं कि 21 सितंबर को भारतीय संसद ने महिला आरक्षण बिल पास करके इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास हो जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। श्री धनखड़ बताया कि यह आरक्षण होरिजेंटल और वर्टिकल दोनों ही है मतलब इसमें यह भी निश्चित किया जाएगा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को भी इस नियम के तहत आरक्षण मिलेगा। उन्होंने इस तथ्य को रेखांकित किया कि यह आरक्षण सामाजिक समानता को सुनिश्चित करेगा।

शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने जो इतना बड़ा करिश्मा करके दिखाया उसका आधार शिक्षा ही था।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा को एक ऐसा माध्यम बनाएं, एक ऐसा सकारात्मक हथियार बनाएं कि वे स्वयं उस बदलाव का केंद्र बन सकें जो बदलाव वे देखना चाहते हैं। समाज में समानता लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है इसीलिए मैं आप सबसे आह्वान करता हूं आप शिक्षा पर पूरा जोर दीजिए पूरी लगन से शिक्षा प्राप्त कीजिए, कभी तनाव मत रखिए, कोई टेंशन मत लीजिए।

देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि आज आपके पास में अवसरों की कमी नहीं है। पहले गांव में बिजली नहीं थी, सड़क नहीं थी, घर में शौचालय नहीं थे, नल नहीं थे, इंटरनेट नहीं था, टीवी नहीं थी, गांव के अंदर पांचवी कक्षा से ज्यादा के विद्यालय नहीं थे, पढ़ने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था, आज के दिन गांव में वह सब सुविधा उपलब्ध हैं जो शहरों में हैं। उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा की सीखने के लिए आपको तकनीक का भरपूर प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं से हर सप्ताह श्रमदान करने की अपील की और विश्वविद्यालय परिसर में हरियाली बढ़ाने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कुछ समय पहले देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला था।

# लोक अदालत का लक्ष्य न कोई जीता न कोई हारा के सिद्धांत पर आपसी सौहार्द बनाकर प्रकरणों का निस्तारण करना है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।। वर्ष- 2023 की चतुर्थ एवं अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायाधिपति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव द्वारा शनिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय (नई बिल्डिंग) के परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्रीवास्तव ने कहा कि न कोई जीता न कोई हारा के सिद्धांत पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लक्ष्य आमजन के मध्य सौहार्द बनाकर ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निस्तारण करना एवं प्राचीन काल से प्रचलित सर्वे भवन्तु सुखिन: अर्थात सभी सुखी रहे की धारणा को साकार करना है। उन्होंने बताया इस बार आकाशवाणी, एफएम रेडियो, बल्क मैसेज, वीडियो वॉल आदि की मदद से राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश श्रीवास्तव ने बताया कि जिला विधि प्राधिकरणों के सहयोग से 9 सितंबर 2023 तक लगभग 46,96,700 लंबित व प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। इस बार भी कुल 9,88,209 लंबित व प्री-लिटिगेशन प्रकरण सुनवाई हेतु रैफर किए गए है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के साथ- साथ राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता मंचो एवं अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में किया गया है। कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल उपमन, न्यायाधीश आशुतोष कुमार एवं न्यायाधीश भुवन गोयल सहित पक्षकारगण मौजूद रहे।

# आयकर विभाग ने ओडिशा में शराब बनाने वाले समूह पर छापे मारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ''जनता का लूटा हुआ धन वापस लौटाए जाने'' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आश्वासन के एक दिन बाद आयकर विभाग ने ओडिशा में शराब बनाने वाली कंपनियों के समूह के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।

आयकर अधिकारियों ने शुक्रवार तक करीब 225 करोड़ रुपए बरामद करने के बाद शनिवार को बोलांगीर जिले के सुदापारा इलाके में एक देशी शराब निर्माता के घर से नकदी से भरे 20 बैग जब्त किए। एक अधिकारी ने बताया कि सुदापारा से बरामद धनराशि की गिनती की जा रही है और अनुमान है कि यह राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक है।

आयकर विभाग के अधिकारी नकदी से भरे 156 बैग गिनती के लिए बोलांगीर स्थित एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) की मुख्य शाखा में शुक्रवार को ले गए थे। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर पिछले तीन दिन से भुवनेश्वर में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने छापेमारी के बारे में और विवरण देने से इनकार कर दिया। उन्होंने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, ''हमारे लोग इस पर काम कर रहे हैं।'' सूत्रों ने बताया कि 150 अधिकारी शराब बनाने वाली कंपनियों के समूह के खिलाफ छापेमारी कर रहे हैं। आयकर विभाग ने छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से बरामद डिजिटल दस्तावेजों के सत्यापन के काम में हैदराबाद के 20 अन्य अधिकारियों को भी लगाया है। उन्होंने बताया कि कि जब्त किए गए पैसे की गिनती संबलपुर और बोलांगीर स्थित दो एसबीआई शाखाओं में की जा रही थी।

## प्रधान ने शराब कारोबारियों के पास से बरामद की गयी बेनामी संपत्ति का स्रोत जानना चाहा

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में शराब निर्माता कंपनियों के यहां छापे में आयकर विभाग को 250 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि मिलने के बीच केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को शराब कारोबारियों से जब्त की गयी इस 'बेनामी संपत्ति' का स्रोत जानना चाहा। प्रधान ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि इतनी अधिक बेनामी रकम बरामद हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड के कुछ



लोगों का इस रकम से संबंध बताया जाता है। इस बेनामी संपत्ति का स्रोत कहां है? इस मामले की सच्चाई क्या है? क्या ओडिशा के कुछ लोगों का जब्त की गयी धनराशि से संबंध है?'' उन्होंने उन कुछ लोगों की चुप्पी पर भी सवाल उठाया 'जो ईमानदारी का ढ़ोल पीटते हैं।' वरिष्ठ नेता ने कहा, ''नैतिकता की बात करने वाले कुछ राजनीतिक दलों के नेता इस घटना पर चुप हैं, ऐसे में आम लोगों के दिमाग में शंका उत्पन्न हो गयी है।''

## ओडिशा में जब्त राशि के 290 करोड़ रु होने की संभावना, अब तक की सबसे अधिक जब्त नकदी

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली कंपनियों के एक समूह और उससे जुड़े प्रतिष्ठानों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी के बाद मिली ''बेहिसाब'' नकदी के 290 करोड़ रुपए होने की संभावना है और इसी के साथ यह एजेंसी के किसी एक अभियान में बरामद हुआ ''सबसे अधिक'' कालाधन होगा। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ छापे के बाद छह दिसंबर को शुरू हुई कार्रवाई के बाद आयकर विभाग ने नोटों की गिनती के लिए लगभग 40 बड़ी एंव छोटी मशीनें तैनात की हैं और गिनती की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विभाग और बैंक के और कर्मचारियों को लाया गया है।



# पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे गृह मंत्री अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को पटना में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें विभिन्न प्रकार के मोटा अनाज के लिए न्यूनतम दाम, बुनियादी ढांचे के निर्माण और जल वितरण जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

पूर्वी क्षेत्र परिषद में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड शामिल हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्रियों के साथ दो वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के दिन भर चलने वाली इस बैठक में भाग लेने की उम्मीद है।

बयान के अनुसार गृह मंत्री रविवार को पटना में पूर्वी क्षेत्र परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। परिषद की बैठकों में कोदो, कुटकी और अन्य मोटा अनाजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य रागी के बराबर करने और 2022 में तलछट प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय फ्रेमवर्क जारी करने जैसे कई महत्वपूर्ण फैसलों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

## मूल असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन किया जाएगा: हिमंत

**गुवाहाटी/भाषा।** असम सरकार ने कहा कि वह राज्य में मूल असमिया मुसलमानों का सामाजिक–आर्थिक मूल्यांकन करेगी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

शर्मा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, अल्पसंख्यक मामले एवं छार क्षेत्र निदेशालय के माध्यम से मूल असमिया मुसलमानों का सामाजिक–आर्थिक मूल्यांकन किया जाएगा। मंत्रिमंडल की बैठक में छार क्षेत्र विकास निदेशालय का नाम बदलकर अल्पसंख्यक मामले एवं छार क्षेत्र, असम करने के निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने माघ बिहू के दौरान आयोजित होने वाली पारंपरिक भैंसे और सांडों की लड़ाई की अनुमति देने के लिए विस्तृत प्रक्रिया/मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने को भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

# असम के मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता ने सिब्बल पर पलटवार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य को लेकर दिये गये एक बयान के संबंध में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पर पलटवार किया है। सिब्बल ने दावा किया था कि असम कभी म्यांमा का हिस्सा था। असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने सिब्बल को पत्र लिखकर बयान वापस लेने और माफी मांगने को कहा।

इस सप्ताह की शुरुआत में नागरिकता मुद्दे पर सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय में पेश हुए सिब्बल ने दावा किया था कि असम म्यांमा का हिस्सा था और 1824 में ब्रिटिश द्वारा क्षेत्र का कुछ हिस्सा जीतने के बाद इसे उन्हें सौंप दिया गया था। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, शर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि असम पर कुछ समय के लिए कब्जे को छोड़कर राज्य कभी भी म्यांमा का हिस्सा नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा, असम कभी भी म्यांमा का हिस्सा नहीं था। यह सच है कि अहोम शासन के दौरान वहां (म्यांमा) के लोगों का हमारे लोगों के साथ संघर्ष हुआ था। लगभग एक–दो महीने की संक्षिप्त अवधि के लिए, हम म्यांमा के कब्जे जैसी स्थिति में थे।

शर्मा ने कहा, 'जिन लोगों को इतिहास के बारे में कोई जानकारी नहीं है, उन्हें टिप्पणी करने से बचना चाहिए।'

सैकिया ने शनिवार को सिब्बल को लिखे पत्र में दावा किया, असम के इतिहास की गलत प्रस्तुति बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसने असम के गौरव और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि जमीयत उलेमा–ए–हिंद और एएएमएसयू ने आपको असम के इतिहास के बारे में गलत जानकारी प्रदान की होगी और आपकी टीम प्रस्तुति से पहले जानकारी की जांच करने में विफल रही है।

## न्यायाधीश ने ऑनलाइन उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त की, 'डीपफेक' तकनीक से निजता को खतरा बताया



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने सोशल मीडिया के माध्यम से यौन उत्पीड़न की बढ़ती प्रवृत्ति पर शनिवार को चिंता व्यक्त की। उन्होंने साथ ही कहा कि 'डीपफेक' तकनीक का उद्भव अभूतपूर्व है, लेकिन यह निजता के हनन, सुरक्षा जोखिम और गलत सूचना के प्रसार को लेकर भी चिंता पैदा करती है।

न्यायमूर्ति कोहली ने उत्पीड़न और भेदभाव विषय पर एक कार्यक्रम में कहा कि समकालीन डिजिटल परिदृश्य में सोशल मीडिया के तेजी से बढ़ने से न केवल लोगों के संवाद करने के तरीके में बदलाव आया है, बल्कि उत्पीड़न का तरीका भी बदल गया है। समानांतर में, डीपफेक तकनीक का उद्भव, एक प्रकार की कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गहरी चिंता का कारण है। आसानी से अत्यधिक यथार्थवादी सामग्री बनाने की इसकी क्षमता मनोरंजन के क्षेत्र में अभूतपूर्व है, लेकिन यह निजता के उल्लंघन, सुरक्षा जोखिम और गलत सूचना के प्रसार के संबंध में भी चिंता पैदा करती है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि 'डीपफेक' की प्रकृति सूचना की प्रामाणिकता और व्यक्तिगत पहचान की गरिमा के लिए एक गहरी चुनौती है। डीपफेक से उत्पन्न सबसे बड़ा खतरा झूठी जानकारी फैलाने की इसकी क्षमता है जो विश्वसनीय स्रोतों से आती प्रतीत होती है।

# छापे में बरामद नकदी दिखाती है कि कांग्रेस ने किस प्रकार से भ्रष्टाचार की परंपरा को जिंदा रखा: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े कुछ परिसरों से बरामद नकदी यह दिखाती है कि किस प्रकार से कांग्रेस ने पीढ़ी दर पीढ़ी भ्रष्टाचार की परंपरा को जारी रखा है। अधिकारियों ने बताया कि बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ आयकर विभाग के छापे में अब तक भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। ये छापे साहू से जुड़े परिसरों में भी मारे गए हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को कहा कि जब्त की गई रकम 290 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है जो किसी भी एजेंसी द्वारा एक ही अभियान में बरामद किए गए काले धन का ''अब तक का सबसे बड़ा भंडार'' होगा। भाजपा मुख्यालय में पार्टी नेता एवं केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने संवाददाताओं से कहा,



''साहू के पास से जब्त की गई नकदी अब तक भ्रष्ट व्यक्तियों से जब्त की गई नकदी की सबसे बड़ी खेप है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस ने किस तरह पीढ़ी दर पीढ़ी भ्रष्टाचार फैलाया है और भ्रष्टाचार की परंपरा को जीवित रखा गया है।'' उन्होंने कहा, ''केवल एक कांग्रेस नेता के पास से 300 करोड़ रुपये बरामद हुए और गिनती अभी भी जारी है। कल्पना कीजिए कि अगर कांग्रेस के सभी भ्रष्ट नेताओं को साथ मिलाया जाए तो कितने नोट बरामद होंगे।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार के लिए तंत्र में खामियां ढूंढते हैं।

लेखी ने कहा कि साहू झारखंड से कांग्रेस के तीन बार के राज्यसभा सदस्य हैं,साथ ही लेखी ने दावा किया कि साहू कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के ''काफी करीब'' हैं।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में घुसने के दोषी अमेरिकी नागरिक को दो साल की सजा

**महराजगंज (उप्र)/भाषा।** महराजगंज जिले की एक स्थानीय अदालत ने एक अमेरिकी नागरिक को फर्जी वीजा दस्तावेजों के आधार पर भारत में घुसने के आरोप में दो साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। अपर पुलिस अधीक्षक अतीश कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि 29 मार्च 2023 को नेपाल से भारत आ रहे 36 वर्षीय अमेरिकी नागरिक एरिक डेनियल बेकविथ को भारत–नेपाल सीमा के सोनौली इलाके में आव्रजन विभाग ने रोका था और उसके दस्तावेजों की जांच की थी। उन्होंने बताया कि जांच में उसका वीजा फर्जी पाया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में अमेरिकी नागरिक के खिलाफ भारतीय दंड विधान और विदेशी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। सिंह ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव ने बेकविथ को शुक्रवार को दो साल कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।




# राजस्थान को लेकर कांग्रेस की समीक्षा बैठक, कमियां दूर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का संकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के हालिया विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार की समीक्षा के लिए शनिवार को बैठक की और यह फैसला किया कि कमियों को दूर करके तथा एकजुट होकर अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। राजस्थान के साथ मिजोरम विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर समीक्षा बैठक हुई।

राजस्थान से संबंधित समीक्षा बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक के बाद रंधावा ने कहा, ''काफी लंबी चर्चा हुई है। हमारे कई उम्मीदवार बहुत कम वोटों से हारे। हमने नेतृत्व को बोल दिया है कि हम लोकसभा चुनाव की तैयारियां करेंगे। जहां जहां कमियां थीं, उनको हम दूर करके चुनाव लड़ेंगे। एकजुट होकर लड़ेंगे।'' उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी पूरी कांग्रेस एकजुट होकर लड़ी थी। यह पूछे जाने पर क्या प्रभारी पद से उन्होंने इस्तीफे की पेशकश की तो रंधावा ने कहा, ''उन्होंने (नेतृत्व) कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में राजस्थान में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है।'' रंधावा के मुताबिक, उन्होंने पहले ही कह दिया था कि वह विधानसभा चुनाव तक रहना चाहते थे। कांग्रेस के मिजोरम प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा, ''हमने मिजोरम चुनाव के हर पहलू पर चर्चा की, जिसमें जमीनी स्तर और राज्य स्तर पर राज्य की संगठनात्मक संरचना के साथ–साथ चुनाव के दौरान हुए विभिन्न घटनाक्रम शामिल थे।'' उन्होंने कहा, ''हमने अपनी भविष्य की योजनाओं पर भी विचार–विमर्श किया। इन सभी मामलों पर गहन चर्चा की गई।''

## बुजुर्ग मां की हत्या करने के बाद उसका सिर लेकर भागा युवक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सीतापुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के तालगांव क्षेत्र में शनिवार को एक लोमहर्षक वारदात में एक व्यक्ति ने अपनी बुजुर्ग मां की हंसिया से हमला कर हत्या कर दी और उसका सिर काटकर अपने साथ ले गया। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने यहां बताया कि तालगांव थाना क्षेत्र के मेजापुर गांव में दिनेश पासी नामक व्यक्ति ने अपनी मां कमला देवी (65) की हंसिया से प्रहार करके हत्या कर दी और उसका सिर काटकर अपने साथ ले गया।

इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनेश शराब का आदी है और ऐसा बताया जाता है कि वह अपनी मां से एक जमीन अपने नाम कराने के लिये कह रहा था, मगर कमला देवी इससे इनकार कर रही थी। इसी वजह से दिनेश ने अपनी मां की हत्या कर दी।

मिश्रा ने बताया कि दिनेश ने अपनी मां का सिर धड़ से अलग कर दिया और उसे अपने साथ लेकर भाग गया। कमला देवी के सिरकटे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्यारोपी पुत्र की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की तस्करी करने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार, 741 कछुए बरामद

**प्रयागराज/भाषा।** एसटीएफ की जिला इकाई ने यहां नवाबगंज थाना क्षेत्र में दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 741 कछुए बरामद किए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (एसटीएफ) नवेंदु कुमार ने बताया कि एसटीएफ और थाना नवाबगंज पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की रात घेराबंदी कर नवाबगंज टोल प्लाजा पर कछुआ की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान अमेठी जिले के रहने वाले शनि और सूरज जबकि राय बरेली जिले के रहने वाले आदर्श सिंह के तौर पर की गयी है और इनके पास से दुर्लभ प्रजाति के 741 कछुए बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला कि इन कछुओं के मांस और कैलिपी (झिल्ली) को सुखाकर शक्तिवर्धक दवा बनाई जाती है। कछुओं को धान और भूसी के बीच 27 बोरियों में छिपाया गया था। पूछताछ में इन तस्करों ने बताया कि इन कछुओं को इन्होंने अमेठी के जगदीशपुर में सलमान, अकबर और फूल मोहम्मद से प्राप्त किया था और इसे लेकर वे पश्चिम बंगाल जा रहे थे जहां स्थानीय तस्करों से संपर्क कर इन्हें ऊचें दामों पर बेच दिया जाता।

## ममता ने बंगाल के बकाया की मांग को लेकर पीएम मोदी से मांगा मिलने का समय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि केंद्र पर राज्य के बकाये हिस्से के भुगतान की मांग को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का समय मांगा है।

बनर्जी ने उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी के समीप बागडोगरा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी जायेंगी और उन्होंने 18 और 20 दिसंबर के बीच तीन दिनों में किसी भी दिन मिलने का समय देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, ''मैं इस महीने पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) के कुछ सांसदों के साथ दिल्ली जाऊंगी और मैंने केंद्र पर राज्य के बकाये हिस्से के भुगतान के वास्ते



दबाव बनाने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा है।'' उन्होंने कहा, '' मैंने प्रधानमंत्री से 18,19 और 20 दिसंबर में से किसी भी दिन मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया है।'' बनर्जी ने कहा कि केंद्र राज्य से जीएसटी एकत्र कर रहा है, लेकिन वह उस आय को साझा नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, '' राज्य मनरेगा जैसी कई केंद्रीय योजनाओं में भी धनराशि पाने के लिए पात्र है, लेकिन उसे उसकी धनराशि भी नहीं मिल रही है। राज्य को केंद्र से उसके वित्तीय बकाये के हिस्से से वंचित किया जा रहा है।''

### पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप

# कनाडा पर बड़ी जीत से भारत क्वार्टर फाइनल में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कुआलालंपुर/भाषा।** भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां कनाडा को 10–1 से करारी शिकस्त देकर पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत से भारत पूल सी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया, जो क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त था।

भारत की तरफ से आदित्य अर्जुन लालगे (8वें, 43वें), रोहित (12वें, 55वें), अमनदीप लाकड़ा (23वें, 52वें), विष्णुकांत (42वें), राजिंदर (42वें), कुशवाह सौरभ आनंद (51वें) और उत्तम सिंह (58वें) ने गोल किए जबकि कनाडा की तरफ से एकमात्र गोल जूड निकोलसन (20वें) ने किया। भारत



ने पहले क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत की और कनाडा के रक्षकों पर दबाव बनाया। लालगे के मैदानी गोल की मदद से भारत ने शुरुआती बढ़त हासिल की। भारतीय स्ट्राइकर ने अच्छा खेल दिखाया तथा कनाडा के रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों को गलतियां करने के लिए मजबूर किया।। उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई और उसने पेनल्टी कार्नर हासिल किया जिसे रोहित ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। कनाडा ने निकोलसन के गोल की मदद से दूसरे क्वार्टर में वापसी की कोशिश की लेकिन इससे कोई खास अंतर नहीं पड़ा। लाकड़ा ने तुरंत ही पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारतीय टीम मध्यांतर पर 3–1 से आगे थी।

भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद भी कनाडा पर दबाव बनाए रखा। भारत ने दो मिनट के अंदर तीन गोल किए। विष्णु कांत ने मैदानी गोल किया। राजिंदर और लालगे के गोल की मदद से भारत ने अपनी बढ़त 6–1 कर दी। अंतिम क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा। आनंद, लाकड़ा और रोहित ने जल्दी–जल्दी तीन गोल दागे जबकि कप्तान उत्तम ने अंतिम हूटर बजने से दो मिनट पहले टीम की तरफ से दसवां गोल किया।भारत मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में पूल डी से शीर्ष पर रहने वाले नीदरलैंड का सामना करेगा।

## दक्षिण अफ्रीकी पिचों की रफ्तार और उछाल के लिये अतिरिक्त अभ्यास करना होगा : रिंकू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डरबन/भाषा।** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी पिचों की अतिरिक्त रफ्तार और उछाल को देखते हुए अतिरिक्त प्रयास और अभ्यास की जरूरत होगी ।

भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र के बाद दक्षिण अफ्रीका की पिच के बारे में रिंकू ने कहा ,'' मैने जब यहां बल्लेबाजी की तो भारतीय विकेटों की तुलना में अधिक उछाल लगा ।'' उन्होंने कहा, '' रफ्तार अधिक है लिहाजा तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक अभ्यास करना होगा।'' भारतीय



टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 मैच रविवार को खेलेगी । रिंकू पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरेंगे । उन्होंने कहा कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें स्वाभाविक खेल दिखाने के लिये कहा है ।

उन्होने बीसीसीआई टीवी से कहा ,'' पहले सत्र का मैने बहुत मजा लिया चूंकि मौसम अच्छा था । राहुल द्रविड़ सर के साथ खेलने का मौका मिलना सुखद अहसास था । उन्होंने मुझे कहा कि अपने अंदाज में बल्लेबाजी करता रहूं और खुद पर भरोसा बनाये रखूं ।''

रिंकू ने कहा कि 2013 से पांचवें छठे नंबर पर खेलते रहने से उन्हें भारत के लिये भी यही जिम्मेदारी निभाने का भरोसा मिला । उन्होंने कहा ,'' मैं 2013 से उत्तर प्रदेश के लिये पांचवें या छठे नंबर पर खेल रहा हूं लिहाजा मुझे इसकी आदत है। चार पांच विकेट गिरने के बाद इस क्रम पर खेलना कठिन होता है लेकिन मुझे खुद पर भरोसा है । मैं जितना संयम के साथ खेलूंगा, उतना ही अच्छा खेल सकूंगा।''

## सुविचार

कभी हँसते हुए छोड़ देती है ये जिंदगी,
कभी रोते हुए छोड़ देती है ये जिंदगी,
न पूर्ण विराम सुख में,

## ट्वीट

अगले कुछ वर्षों में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। स्थिर सरकार, सपोर्टिव पॉलिसी सिस्टम, रिफॉर्म से ट्रांसफॉर्म की मानसिकता और विकसित होने का आत्मविश्वास, ऐसा संयोग पहली बार बना है।

-नरेन्द्र मोदी

सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता भ्रष्टाचार मिटाने का सबसे सटीक माध्यम है। हमारी भाजपा सरकार ने भामाशाह योजना, ऑनलाइन पेंशन जैसी नीतियों को गति देकर राजस्थान को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

-वसुंधरा राजे

## कहानी

# अहसास



पिछले कई दिनों से रिटायर्ड प्रोफेसर अमर नियमित रुप से कॉलोनी के पार्क में बने वृद्धजन भ्रमण पथ पर घूमने आ रहे थे। इसके साथ ही वहां अन्य गतिविधियों में उनकी बढ़ती हुई भूमिका को देखकर उनके मित्रों को बहुत आश्चर्य हुआ। क्योंकि वह समय उनके ट्यूशन पढ़ाने का होता था। जिसे वे किसी कीमत पर नहीं छोड़ते थे। पार्क में एक दिन उनके मित्र राजन ने उन्हे रोककर जिज्ञासावश पूछ ही लिया यार अमर , अपनी ट्यूशन पढ़ाने की व्यस्तता के बाद भी तुम अब अन्य कामों के लिए समय निकालने लगे हो। यह वाकई काबिले तारीफ़ है। अमर ने कहा नहीं यार , अब व्यस्तता किंस बात की , मैंने ट्यूशन पढ़ाना बंद कर दिया है। ' यह सुनकर राजन को विश्वास ही नहीं हुआ। अमर उनके पड़ोसी ही नहीं , बचपन के मित्र भी थे। दोनों साथ – साथ खेलते पढ़ते बड़े हुए थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद अमर कॉलेज शिक्षा में चले गए और राजन बैंक की नौकरी में चले गए। अमर की आदतों से राजन काफी हद तक वाकिफ़ थे। अमर के व्यवहार से बहुत लोगों को कड़वाहट भरे अनुभव रहे थे। अमर में अचानक आए इस परिवर्तन को देख राजन उनसे जुड़े तमाम तरह के खट्टे – मीठे अनुभवों की यादों में खो गए।

स्थानीय गवर्नमेंट कॉलेज से अंग्रेजी विषय के रिटायर्ड प्रोफेसर अमर शहर के नामी ट्यूटर थे। उनकी बराबरी का कोई दूसरा ट्यूटर नहीं था। इस बात को अच्छी तरह समझते हुए उन्होने इसका भरपूर फायदा उठाकर शिक्षा को व्यवसाय बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। हालांकि वे यह कहते हुए नहीं थकते थे कि उनका ट्यूशन पढ़ाने का मकसद ज़िंदगी को रिफ्रेश करना था। अमर को व्यस्तता के कारण यह सोचने का समय ही नहीं मिलता था कि उनकी जरुरतों और ख़्वाहिशों पर भी विराम लग रहा था। शायद अधिक से अधिक रुपये कमाना ही उनकी एकमात्र ख्वाहिश रह गई थी। इसके जतन में वे ट्यूशन के ज्यादा बैच पढ़ाने लगे और वहां छात्रों को खुद की लिखी किताब भी बेचते थे।

बदलती दुनिया और समय के साथ अमर का रुपयों से मोह नहीं बदला। इस मोह से बढ़ी लालसा के कारण वे जरुरत से ज्यादा व्यस्त रहने के आदि हो गए थे। इससे उनकी थकान चरम पर होती थी। उनमें सामाजिक कार्यों के लिए समय , इच्छा और हिम्मत ही नहीं बचती थी। रिश्तों को सहेज नहीं पाने के कारण उनका सामाजिक दायरा सिमट गया था। यहां तक कि परिवार के जरुरी कार्यक्रमों में भी वे अपने ट्यूशन बैच को छोड़कर नहीं आते थे। यकीनन वे रुपये कमाने की एक मशीन की तरह बन चुके थे। नौकरी से रिटायरमेंट के बाद कि ज़िंदगी की सुहानी सांझ परिवार और दोस्तों के साथ बिताने की बजाय उन्होने खुद को माया मोह के जाल में फंसा लिया था। रुपये की हवस ने उनके जीवन के आनंद को ही खत्म कर दिया था। दुर्भाग्य से इसका न तो उन्हे खुद कभी अहसास हुआ और न ही परिवार के किसी सदस्य ने उन्हे इसका अहसास कराया । परिवार के सदस्य यह अहसास कराते भी क्यों ? उन्हे तो केवल रुपयों से मतलब था।

अमर अपने ही लालच और अहंकार की भावना से ग्रस्त थे। अहंकार उनके दिमाग में हमेशा दहकता रहता था। उन्होने अपनी सोच के चारों ओर अहंकार और खुद के अपरिहार्य होने के आईने लगा दिए थे। जिसमें उन्हे अपने सबसे अमीर और श्रेष्ठ होने के ही नजारे दिखते थे। अमर कभी किसी की तारीफ न तो करते थे और न ही सुनते थे। क्योंकि उनके मन में घर चुकी ईर्ष्या का कीड़ा डंक मारने लगता। अपने द्वारा तय किए गए ज़िंदगी जीने के पैमानों से बाहर झांककर देखने की उन्होने कभी कोशिश ही नहीं करी। अहंकार और लालच के विचारों की भीड़ में उनकी चेतना की आवाज गुम हो गई थी। यह परम्परा उनकी बाद कि पीढ़ी में भी जारी थी।लोगों को हीन भावना से देखना उनके चरित्र की सबसे बड़ी बाधा बन चुका था।

अमर अवसरवादी होने के कारण स्वार्थ के लिए अपने तथाकथित सिद्धान्तों को भी बदल देते थे। उनके ज्यादातर संबंध रुपये के लेन देन पर आधारित थे। व्यवहार कुशल तो वे बिल्कुल नहीं थे। वे बिना फीस लिए किसी को भी ट्यूशन नहीं पढ़ाते थे। भले ही किसी जरूरतमंद छात्र के भविष्य का कितना ही नुकसान क्यों नहीं हो।अपने रिश्तेदारों और जानकारों के बच्चों को बिना ट्यूशन फीस लिए नहीं पढ़ाने के लिए वे अभी कोई बैच नहीं चल रहा कहकर टाल देते। उन्हे इस बात का कोई फर्क नहीं पड़ता था कि उनका झूठ उजागर हो गया तो क्या होगा ? अपने जानकारों को भी उनके सामने अनदेखा करने में कभी नहीं हिचकिचाते थे।

अमर शायद भूल गए थे कि वक़्त की गति बड़ी क्रूर होती है। वक़्त हमेशा एक जैसा नहीं रहता। वक़्त एक बार हाथ से फिसलने के बाद फिसलता चला जाता है। वक़्त अमर की श्रेष्ठ होने और अहंकार की भावना को नष्ट करने में सफल हो गया था। ज्यादा मासिक ट्यूशन फीस और सीमित कोर्स को ज्यादा समय में पूरा कराने की अमर की प्रवृत्ति को छात्र पहचान गए थे। इस कारण ज्यादातर छात्रों ने उनसे ट्यूशन पढ़ना बंद कर दिया था।

पार्क के पास से निकलते किसी वाहन के हॉर्न की आवाज सुनकर राजन वर्तमान में लौटे तो देखा कि अमर वहीं बैठे थे। राजन ने कुछ देर इधर – उधर की बातचीत करने के बाद अमर से ट्यूशन पढ़ाना बंद करने का कारण पूछ ही लिया। अमर भावुक होकर कहने लगे यार , मेरे साथ हुए एक वाकये ने मेरी आंखें खोल दी। मेरे पौत्र रोहन को गणित विषय की बारहवीं कक्षा की ट्यूशन पढ़ाने के लिए शहर के श्रेष्ठतम ट्यूटर संजय ने , बैच में जगह नहीं होने का कहकर मना कर दिया था। मेरे पुत्र साहिल ने जब संजय से मिलकर अपनी और रोहन की इच्छा बताई तो संजय ने कहा श्रीमान जी , यह आपको किसने कहा दिया कि मैं गणित विषय का शहर का श्रेष्ठतम ट्यूटर हूं। मैं तो कुछ भी नहीं हूं। केवल प्रयास करता हूं। मेहनत तो छात्रों की होती है।ऐसा लगता है कि आपने इस नजरिए से दूसरों का आंकलन नहीं किया। वरना मुझसे बेहतर ट्यूटर मौजूद हैं। सफलता की बुलंदियों पर बैठे सहज और सरल व्यक्तित्व के संजय को राजन से बातचीत के दौरान पता चलते ही कि रोहन मेरा पौत्र है ,उसने रोहन को पढ़ाने के लिए तुरंत हां कर दी। ट्यूशन फीस पूछने पर संजय ने कहा रोहन मेरे गुरुजी का पौत्र है। इसलिए मैं ट्यूशन फीस नहीं लूंगा। रोहन शाम को पांच बजे वाले बैच में आ सकता है।

कई दिनों से चल रही गणित ट्यूटर की तलाश पूरी होने से हम सभी खुश थे। लेकिन संजय द्वारा ट्यूशन फीस लेने से मना करने का जानकर मैं हैरान और परेशान हो गया था। उम्र के इस पड़ाव पर धुंधली पड़ती यादों में मुझे संजय नाम का कोई छात्र याद नहीं आ रहा था। गुजरते वक़्त के साथ एक अकैडमिक सेशन कैसे पूरा हो गया पता ही नहीं चला। रोहन बारहवीं कक्षा में अच्छे नम्बर से पास हो गया था। गणित विषय में उसके सबसे ज्यादा नम्बर आए थे। उसके प्रवेश परीक्षा पास कर इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिले की संभावनाएं बढ़ गई थी। संजय के इंस्टीट्यूट ने रोहन को विषय संबंधित पाठ्य सामग्री बिना किसी फीस के दी थी।

एक दिन मैंने साहिल को मुझे संजय से मिलवाने के लिए कहा। साहिल द्वारा मेरी इच्छा जानकर संजय खुद ही मुझसे मिलने घर पर आ गया। मेरे चरण स्पर्श कर उसने मुझे फूलों का गुलदस्ता दिया। मैं उसे पहचान नहीं पाया था। उसने मुझे बताया कि वह मुझसे कॉलेज के प्रथम वर्ष में पढ़ने आता था। उसके पढ़ने का वर्ष बताने पर मुझे याद आ गया कि संजय वही छात्र था जो हर महीने सबसे पहले फीस देता था। उसके पिता के बारे में पूछने पर उसने बताया कि वह स्थानीय गवर्नमेंट कॉलेज के संस्कृत विषय के रिटायर्ड प्रोफेसर पवन शर्मा का पुत्र था। यह सुनते ही मेरे अवचेतन पर पवन शर्मा का नाम बार – बार टकराने लगा। मेरे दिल और दिमाग में भावनाओं का तूफान आ गया। रोहन के पास होने से खुशियों के रंग यह नाम याद आते ही उड़ गए। मेरे सामने बैठा संजय मेरे समकालीन प्रोफेसर का पुत्र था। अचानक मेरी आंखों में वह घटना कौंध गई।

पवन शर्मा से मेरी मुलाकात अक्सर कॉलेज के कॉमन रुम में हो जाती थी। हम दोनों के अलग – अलग भाषाओं के शिक्षक होने से हमारे बीच भाषा और साहित्य को लेकर मजाकिया अंदाज में हल्की – फुल्की नोकझोंक चलती रहती थी। एक दिन पवन ने मुझे अपने पुत्र को अंग्रेजी की ट्यूशन पढ़ाने के लिए कहा तो उनकी पूरी बात सुन बिना ही आदतन मैंने बैच नहीं चलने का कहते हुए टाल दिया था। क्योंकि मैं पवन से उनके पुत्र की ट्यूशन फीस कैसे लेता ? और बिना ट्यूशन फीस लिए मैं किसी को भी नहीं पढ़ाता था। संजय ने भी मुझे अपना पवन शर्मा का पुत्र होने का परिचय कभी नहीं दिया। उसने मुझे आईना दिखा दिया था।

उससे बाद में मिलने पर मैं समझ गया कि उस समय मेरी प्रवृत्ति के कारण बिना फीस लिए संजय को अर्जुन की तरह शिष्य बनाकर पढ़ा नहीं सकता था। संजय भी एकलव्य बनने के लिए तैयार नहीं था। तेज रफ्तार से भागती ज़िंदगी में वक़्त ने मेरे सामने अतीत की एक घटना के पात्र को लाकर खड़ा कर दिया। जिसका पछतावा मुझे ताउम्र रहेगा। अतीत की घटनाओं का आत्मविश्लेषण ही मेरा ट्यूशन पढ़ाना बंद करने का सबब बना। यह कहकर अमर चला गया। अमर के साथ हुए इस वाकये को जानने के बाद राजन को यकीन हो गया था कि अमर के चारों ओर लगे अहंकार के बड़े आईने तड़कने लगे थे। वह इन टूटे हुए आईनों को समेटना नहीं चाहता था। उस समय अमर ने न जाने कितने लोगों का भरोसा तोड़ा था। सच जानने के बाद यकीनन उन लोगों का अमर पर भरोसा हमेशा के लिए उठ गया होगा। राजन ने देखा कि आत्मग्लानि, शर्म और पश्चाताप से भरी आंखों से जाते हुए अमर को अपनी भूलों का अहसास हो गया था।

सुधीर केवलिया
फोन नं. : 09413279217



## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# संभावना के बीज

सीताफल की पिछले कुछ दिनों से बाज़ार में भारी आवक है। सोसायटी की सीढ़ियाँ उतरते हुए देखता हूँ कि बच्चे सीताफल खा रहे हैं। फल के बीज निकालकर करीने से एक तरफ़ रख रहे हैं। फिर सारे बीज एक साथ उठाकर डस्टबिन में डाल दिए। स्वच्छता और सामाजिक अनुशासन की दृष्टि से यह उचित भी था। यहीं से चिंतन जन्मा। सोचने लगा, हर बीज के पेट में एक पौधा है, पौधे का बीज फेंका जा रहा है। फ्लैट में रहने की विवशता कितना कुछ नष्ट कराती है।

सर्वाधिक दुखद होता है संभावनाओं का नष्ट होना। वस्तुत: संभावना की हत्या महा पाप है। हर संभावना को अवसर मिलना चाहिए। पनपना, न पनपना उसके प्रारब्ध और प्रयास पर निर्भर करता है। चिंतन बीज से मनुष्य तक पहुँचा। सही ज़मीन न मिलने पर जैसे बीज विकसित नहीं हो पाता, कुछ उसी तरह अपने क्षेत्र में काम करने का अवसर न पाना, संभावना का नष्ट होना है। साँस लेने और जीने में अंतर है। अपनी लघुकथा 'निश्चय' के संदर्भ से बात आगे बढ़ाता हूँ। कथा कुछ यूँ है,

उसे ऊँची कूद में भाग लेना था पर परिस्थितियों ने लम्बी छलांग की कतार में लगा दिया। लम्बी छलांग का इच्छुक भाला फेंक रहा था। भालाफेंक को जीवन माननेवाला सौ मीटर की दौड़ में हिस्सा ले रहा था। सौ मीटर का धावक, तीरंदाजी में हाथ आजमा रहा था। आँखों में तीरंदाजी के स्वप्न संजोने वाला तैराकी में उतरा हुआ था। तैरने में मछली–सा निपुण मैराथन दौड़ रहा था।

जीवन के ओलिम्पिक में खिलाड़ियों की भरमार है पर उत्कर्ष तक पहुँचने वालों की संख्या नगण्य है। मैदान यहीं, खेल यहीं, खिलाड़ी यहीं दर्शक यहीं, पर मैदान मानो निष्प्राण है। एकाएक मैराथन वाला सारे बंधन तोड़कर तैरने लगा। तैराक की आँख में अर्जुन उतर आया, तीर साधने लगा। तीरंदाज के पैर हवा से बातें करने लगे। धावक अब तक जितना दौड़ा नहीं था उससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने लगा। भालाफेंक का मारा भाला को पटक कर लम्बी छलांग लगाने लगा। लम्बी छलांग वाला बुलंद हौसले से ऊँचा और ऊँचा, बहुत ऊँचा कूदने लगा। दर्शकों के उत्साह से मैदान गुंजायमान हो उठा। उदासीनता की जगह उत्साह का सागर उमड़ने लगा। वही मैदान, वही खेल, वे ही दर्शक पर खिलाड़ी क्या बदले, मैदान में प्राण लौट आए।

अँग्रेज़ी की एक कहावत है, 'यू गेट लाइफ वन्स। लिव इट राइट। वन्स इज़ इनफ़।' जीवन को सही जीना अर्थात अपनी संभावना को समझना, सहेजना और श्रमपूर्वक उस पर काम करना। स्मरण रहे, आप जीवन के जिस भी मोड़ पर हों, जीने की संभावना हमेशा बनी रहती है।

## ज्ञान विज्ञान

# आभासी दुनिया में आत्मसंयम से सुरक्षा

तकनीकी सुविधाएं अपने साथ कई खतरे भी लाती हैं। नकारात्मक मानसिकता के लोग इन सुविधाओं को और जोखिमपूर्ण बना देते हैं। ऐसे लोग तकनीकी सुविधाओं का दुरुपयोग कर दूसरे लोगों के लिए समस्याएं खड़ी करने से भी नहीं चूकते। हालांकि तकनीक के ऐसे गलत इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए कानून, अत्याधुनिक तकनीकी टूल्स और नई प्रौद्योगिकी अपना काम करती है पर खुद की सतर्कता भी आवश्यक है।

इन दिनों चर्चित डीप फेक तकनीक के जुड़े खतरों का सामना करने के लिए आम यूजर्स में आत्मनियमन का भाव जरूरी है। इसके लिए तस्वीर हो या वीडियो, अपने जीवन का हर पहलू सोशल मीडिया में साझा करने से पहले सोचना जरूरी है। शेयर की जा रही सामग्री के बढ़ते दुरुपयोग पर लगाम लगाने में खुद यूजर्स की समझदारी भी मददगार बन सकती है। हर हाथ आए स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में हर किसी के लिए यह सोचना जरूरी हो गया है कि वर्चुअल दुनिया में क्या और कितना कंटेन्ट साझा किया जाये।

दरअसल, डीप फेक टेक्नीक के जरिये किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिलकुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। रीयल लगने वाले ऐसे फेक वीडियो और आडियो को विशेष साफ्टवेयर की मदद से तैयार करने का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ सकता है।

इसमें न केवल तस्वीर बिलकुल असली लगती है बल्कि वायस क्लोनिंग के माध्यम से आवाज भी हूबहू कॉपी की जा सकती है। इस तरह डीप फेक तकनीक के जरिये तैयार किए गए फेक कंटेन्ट का इस्तेमाल फाइनेंशियल और दूसरी कई तरह की धोखाधड़ी, सेलिब्रिटी के अश्लील वीडियो, पर्सनल या सोशल दुष्प्रचार, पहचान की चोरी जैसे गलत उद्देश्यों के लिये किए जाने के मामले सामने आए हैं। फोटो मॉर्फिंग कर एकदम रीयल लगने वाली अश्लील तस्वीरें बनाने से लेकर वीडियो में किसी और की आवाज़ कॉपी कर कुप्रचार



करने तक अनगिनत खतरे हमारे सामने हैं। किसी जमाने में पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर केवल चर्चित चेहरों के फोटो और वीडियो ही मौजूद होते थे। फिल्म, राजनीति या खेल की दुनिया के जाने–माने लोगों की आवाज या तस्वीरें ही वर्चुअल मंचों पर मिला करतीं थी। स्मार्ट गैजेट्स की बढ़ती दखल के मौजूदा दौर में स्थितियां बदल गई हैं। सोशल मीडिया के बहुत से प्लेटफॉर्म्स पर चर्चित चेहरों के ही नहीं, आम लोगों के भी ऑडियो, वीडियो और फ़ोटो मौजूद हैं। ऐसे में आम लोग भी तकनीक का दुरुपयोग करने वाले लोगों की विकृत मानसिकता के शिकार बन रहे हैं। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस तकनीक ने आम और खास हर इंसान के चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। आए दिन एआई टेक्नीक के दुरुपयोग के मामले सामने आ रहे हैं। न केवल डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं बल्कि नेगेटिव न्यूज, ऑडियो–वीडियो और अश्लील तस्वीरें फैलाने का काम भी किया जा रहा है। 2019 एआई फर्म डीपट्रेस ने में इंटरनेट पर 15 हजार डीपफेक वीडियो का पता लगाया था। जिनमें 96 फीसदी पोर्नोग्राफी से जुड़े थे। समझना मुश्किल नहीं कि बीते चार वर्ष में तकनीकी एडवांसमेंट भी बढ़ा है और आम लोगों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा रहा कंटेन्ट भी। ऐसे में फेक कंटेन्ट तैयार करने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। जरूरी है कि हर यूजर अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा कंटेन्ट शेयर करने में सतर्कता बरते।

तकनीक का यह स्याह पहलू व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाला है। किसी क्षेत्र विशेष का चर्चित चेहरा हो या आम नागरिक। उनकी तस्वीरों और वीडियो से छेड़छाड़ कर अभद्र–अश्लील सामग्री तैयार करना मान और मनोबल को ठेस पहुंचाने वाली बात है। देश–विदेश में प्रतिष्ठित लोग डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं।

# मुल्ला नसरुद्दीन और बेईमान काजी

एक दिन मुल्ला नसरुद्दीन किसी काम से बाजार गए थे। तभी अचानक एक अनजान व्यक्ति उनके सामने आता है और उन्हें थप्पड़ मार देता है। मुल्ला को कुछ समझ नहीं आता कि उन्हें किसने और क्यों थप्पड़ मारा। थप्पड़ मारने के बाद वह अनजान व्यक्ति उनसे हाथ जोड़कर माफी मांगने लगता है। वह कहता है, मुल्ला जी, मुझे माफ कर दीजिए। मैं किसी दूसरे को मारना चाहता था, लेकिन गलती से आपको थप्पड़ मार दिया। मुल्ला को उस अनजान व्यक्ति की बातों पर भरोसा नहीं हुआ। वह इंसाफ के लिए उसी बाजार के एक काजी के पास उस अजनबी को लेकर चले गए। मुल्ला ने काजी को सारी बात विस्तार से बताई। उसी दौरान काजी और उस अनजान व्यक्ति के बीच में कुछ बातें हुईं। उन बातों को सुनकर नसरुद्दीन को लगा कि वो दोनों एक दूसरे को पहले से ही जानते हैं। फिर भी मुल्ला ने काजी से इंसाफ करने के लिए कहा। तभी काजी ने उस अजनबी व्यक्ति से पूछा, क्या मुल्ला जो कह रहा है, वो सब सच है। उस अनजान व्यक्ति ने काजी को बताया कि उसने बाजार में मुल्ला को कोई अन्य व्यक्ति समझकर गलती से थप्पड़ मार दिया था। यह सुनते ही काजी ने तुरंत फैसला सुनाते हुए कहा कि तुम्हें मुल्ला को थप्पड़ मारने का जुर्माना भरना होगा। काजी ने जुर्माने की रकम एक रुपये तय की।

मुल्ला इस फैसले से खुश नहीं थे। तभी काजी ने थप्पड़ मारने वाले व्यक्ति से कहा कि अगर तुम्हारे पास अभी पैसे नहीं हैं, तो तुम बाहर जाकर पैसे कमा सकते हो। जब पैसे इकट्ठे हो जाएं, तब दे देना।

यह सुनकर मुल्ला को यकीन हो गया कि ये दोनों मिले हुए हैं, लेकिन मुल्ला कुछ नहीं कर सकते थे। वो यह फैसला सुनकर चुपचाप वहां से चले गए। काफी समय बीतने के बाद भी वह थप्पड़ मारने वाला व्यक्ति वापस नहीं आया। अब मुल्ला के मन में हुआ कि वह वापस आने वाला नहीं है। यह सब काजी और उस आदमी की चाल थी। तभी मुल्ला ने काजी को सबक सिखाने का फैसला ले लिया।

मुल्ला तुरंत काजी के पास पहुंच गए। वहां काजी को देखते ही नसरुद्दीन पूछते हैं, काजी साहब, क्या अनजान व्यक्ति को थप्पड़ मारने का जुर्माना सिर्फ एक रुपये होना सही है?

काजी झट से जवाब देते हुए कहता है कि हां, थप्पड़ के बदले एक रुपये का जुर्माना काफी है। काजी का जवाब सुनते ही मुल्ला उसे जोड़ से एक थप्पड़ मार देते हैं। अचानक थप्पड़ पड़ने की वजह से काजी हैरान हो जाता है। मुल्ला नसरुद्दीन कहते हैं, काजी साहब, जब भी वह थप्पड़ मारने वाला अनजान व्यक्ति लौटेगा उस पर लगाया गया एक रुपये का जुर्माना आप ले लीजिएगा। इतना कहकर मुल्ला वहां से चले गए।

## वीर गाथा

# मेजर राजेंद्र सिंह राजावत : पाक को मुंहतोड़ जवाब देकर पीछे हटने को मजबूर कर दिया



मेजर राजेंद्र सिंह राजावत का जन्म वीरभूमि राजस्थान के कोटा में हुआ था। वे सैन्य वेशभूषा और योद्धाओं की कथाओं से बहुत प्रभावित थे। सेना के प्रति यह लगाव उन्हें राजपूताना राइफल्स में ले आया। जब दिसंबर 1971 में पाकिस्तान ने भारत पर हमला बोला तो मेजर राजेंद्र सिंह अपनी यूनिट 18 राज रिफ के साथ पश्चिमी सीमा पर तैनात थे। यह यूनिट शकरगढ़ सेक्टर में पाक से भिड़ंत लेने वाली थी।

आठ दिसंबर को जब घमासान युद्ध जारी था, मेजर राजावत की कंपनी को एक विशेष ऑपरेशन के हिस्से के तौर पर दुश्मन के इलाके पर कब्जा करने का जिम्मा सौंपा गया। स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण थी।

मेजर राजावत ने अपने साथी जवानों के साथ योजना बनाई और उसके मुताबिक जोरदार हमला किया। दूसरी ओर पाकिस्तान ने तोपखाने से भारी गोलाबारी कर दी। मेजर राजावत ने बहुत दिलेरी से अपने जवानों का नेतृत्व किया। उन्होंने दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देते हुए पीछे हटने को मजबूर कर दिया। इस तरह भारतीय सेना का उस इलाके पर कब्जा हो गया।

इस शर्मनाक हार को पाकिस्तान बर्दाश्त नहीं कर सका। उसने वापस हमला बोला, जिसका मेजर राजावत की ओर से दृढ़तापूर्वक जवाब दिया गया। वे अपने जवानों का हौसला बढ़ा रहे थे। इसका नतीजा यह रहा कि पाकिस्तान के कई जवान ढेर हो गए।

अचानक दुश्मन की ओर से दागा गया एक गोला आकर फटा, जिससे मेजर राजावत गंभीर रूप से घायल हो गए। वे आखिरी सांस तक अपने जवानों का हौसला बढ़ाते रहे और उन्हें हमले के लिए आदेश देते रहे। इसके बाद भारत मां के ये वीर सपूत उसी की गोद में लीन हो गए। मेजर राजेंद्र सिंह राजावत जैसे रणबांकुरों के शौर्य, त्याग और बलिदान से भारत उस युद्ध में विजयी हुआ। मेजर राजावत को वीरचक्र से सम्मानित किया गया।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।
– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

अभिनंदन



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शनिवार को हैदराबाद के राजभवन में नवनियुक्त विधानसभा प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी का अभिनंदन करते हुए।

## अमेरिका, द.कोरिया और जापान ने उ. कोरिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया

सियोल/दक्षिण भारत ।अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने उत्तर कोरिया द्वारा रूस को कथित तौर पर हथियार भेजे जाने को लेकर चिंता जतायी और उसके द्वारा परमाणु हथियारों तथा मिसाइलों का विकास किए जाने तथा अन्य देशों के साथ सैन्य सहयोग पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार को मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। कोरिया प्रायद्वीप में हाल के वर्षों में सर्वाधिक तनाव के बीच सियोल में यह बैठक हुई। बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय के निदेशक चो ताइ-योंग ने कहा कि तीनों सुरक्षा सलाहकारों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों के तहत उत्तर कोरिया के दायित्वों की पुष्टि की, जिसमें उसके परमाणु निरस्त्रीकरण और अन्य देशों के साथ हथियारों के व्यापार पर प्रतिबंध का आह्वान किया गया है। चो ने कहा कि तीनों अधिकारियों ने उत्तर कोरिया द्वारा पिछले महीने एक जासूसी उपग्रह के प्रक्षेपण को लेकर उस पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के लिए दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की प्रशंसा की।

# महुआ बैंकर का कैरियर छोड़ राजनीति में आईं, संसद पहुंचीं और फिर निष्कासन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता। 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में संसद से निष्कासित की गईं तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा को 14 साल के राजनीतिक सफर में कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। कुछ समय के लिए संसदीय करियर पर अचानक लगे विराम के बावजूद विपक्ष के अटूट समर्थन ने एक अलग तस्वीर पेश करते हुए वर्तमान भारतीय राजनीति में मोइत्रा का गहरा प्रभाव दिखाया है। कृष्णानगर लोकसभा सीट से पहली बार संसद पहुंचीं मोइत्रा को शुक्रवार को संसद से निष्कासित कर दिया गया। लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट में उन्हें 'अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण' के लिए जिम्मेदार ठहराया गया जिससे उनके निष्कासन का रास्ता बना। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हंगामेदार चर्चा के बाद लोकसभा में मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। चर्चा में मोइत्रा को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया।

अपने निष्कासन पर प्रतिक्रिया देते हुए मोइत्रा ने इस फैसले की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को, विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। असम के कछार जिले में 1974 में जन्मी मोइत्रा की शुरुआती शिक्षा कोलकाता में हुई और फिर वह उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गयीं। न्यूयॉर्क और लंदन में जेपी मॉर्गन चेज़ में निवेश बैंकर रहीं



मोइत्रा ने राहुल गांधी की ''आम आदमी का सिपाही'' पहल से प्रेरित हो कर राजनीति का रुख किया। उन्होंने 2009 में कांग्रेस की युवा इकाई में शामिल होने के लिए लंदन में अपना हाई-प्रोफाइल बैंकिंग करियर त्याग दिया। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई में तैनात की गयीं मोइत्रा ने पार्टी के नेता सुब्रत मुखर्जी के साथ निकटता से काम किया। पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा की सरकार के खिलाफ बदलाव की बयार के बीच मोइत्रा और मुखर्जी 2010 के कोलकाता नगर निगम चुनाव से महज कुछ दिन पहले तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए जिसमें ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने जीत हासिल की। 2011 के विधानसभा चुनाव और 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी से टिकट न मिलने के बावजूद मोइत्रा ने धैर्यपूर्वक इंतजार किया और 2016 के विधानसभा चुनाव में टिकट मिलने पर करीमपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया लेकिन उनके ओजस्वी भाषण और वाद-विवाद कौशल ने उन्हें राष्ट्रीय मीडिया में पार्टी की प्रमुख प्रवक्ता बना दिया। मोइत्रा को 2019 में कृष्णानगर लोकसभा सीट से टिकट मिला और वह विजयी हुईं। ज्यादा अनुभव न होने के बावजूद संसद में मोइत्रा के जोशीले भाषणों ने उन्हें राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया और वह टेलीविजन पर होने वाली बहसों में टीएमसी की तरफ से सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता बन गयीं। अपने मन की बात कहने के लिए पहचानी जाने वाली मोइत्रा को अकसर संगठन के मामलों में पार्टी से मतभेदों का सामना करना पड़ा और ममता बनर्जी ने उन्हें सार्वजनिक रूप से फटकार भी लगायी। पिछले दो साल में विवाद मोइत्रा का पर्याय बन गए जिसमें पत्रकारों को ''दो कौड़ी'' का बताने वाली टिप्पणी भी शामिल हैं जिसके कारण स्थानीय बांग्ला मीडिया ने लंबे समय तक उनका बहिष्कार किया था। उन्होंने पिछले साल एक सम्मेलन में देवी काली को मांस खाने वाली और शराब पीने वाली कह कर देशभर में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था। राजद्रोह कानून की मुखर विरोधी मोइत्रा कानूनी लड़ाइयों में भी सक्रियता से शामिल रही हैं। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका भी दायर की हुई है।

'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले के बीच मोइत्रा ने कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार को चुनौती देने की वजह से परेशान किया गया। उन्होंने भारी जनादेश के साथ संसद में लौटने का संकल्प जताया। भले ही इस विवाद से सांसद के रूप में उनका पहला कार्यकाल अचानक समाप्त हो गया लेकिन टीएमसी के शीर्ष नेतृत्व के अटूट समर्थन के साथ पार्टी के भीतर उनका कद निश्चित रूप से बढ़ा है।

# भ्रष्ट सांसद साहू, गांधी खानदान में किसका एटीएम है : ईरानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अमेठी । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा अमेठी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिसर से 'बेहिसाब' नकदी की बरामदगी पर तंज करते हुए शनिवार को कहा भ्रष्टाचार का यह 'एटीएम' गांधी परिवार में किसका है, इस सवाल के जवाब का इंतजार रहेगा। ईरानी ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के गौरीगंज में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साहू के यहां पड़े आयकर विभाग की छापे का जिक्र करते हुए कहा, नोट गिनते-गिनते इंसान के साथ-साथ मशीन भी थक गई है लेकिन कांग्रेस के भ्रष्ट नेता के घर से पैसा अब भी बरामद हो रहा है।''

उन्होंने कहा, ''भ्रष्टाचार के 200 करोड़ रुपए कांग्रेस के एक भ्रष्ट सांसद के घर से निकले। यह गांधी खानदान में किसका एटीएम है, इस सवाल के जवाब का इंतजार रहेगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस का यह पहला सांसद नहीं है जो भ्रष्टाचार में लिप्त है। आखिर ऐसा क्यों है कि जहां घोटाला है वहीं कांग्रेस का नेता भी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू की ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 225 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि अलमारियों में रखी 200 करोड़ रुपये की नकदी ओडिशा के बोलनगीर जिले में डिस्टिलरी समूह के परिसर से बरामद की गई है जबकि शेष राशि ओडिशा के संबलपुर तथा सुंदरगढ़, झारखंड के बोकारो और रांची जैसे अन्य स्थानों से बरामद की गई।

कुछ रकम कोलकाता से भी मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक हिंदी समाचार पत्र की खबर साझा की जिसमें दावा किया गया है कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से कथित तौर पर संबद्ध एक कारोबारी समूह के विभिन्न ठिकानों से आयकर विभाग ने 200 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है।

विजेता



नीदरलैंड के रजत पदक विजेता मारिजके ग्रोएनवुड (बाएं), नॉर्वे के स्वर्ण पदक विजेता रैग्ने विकलुंड (बीच में) और नीदरलैंड के कांस्य पदक विजेता आइरीन शौटेन पुरस्कार देने के दौरान मंच पर पोज देते हुए।

# अश्वत्थामा का किरदार निभाएंगे शाहिद कपूर!

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर सिल्वर स्क्रीन पर अश्वत्थामा का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। निर्देशक आदित्य धर ने इम्मोर्टल आफ अश्वत्थामा बनाने की घोषणा की थी और उनका इरादा विक्की कौशल को अश्वत्थामा की भूमिका में लेने का था। लेकिन बजट की दिक्कतों की वजह से उन्हें इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा। चर्चा है कि वासु भगनानी और जैकी भगनानी इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि शाहिद कपूर को फिल्म के लिए पहले ही साइन कर लिया गया है।यह फिल्म हिंदू महाकाव्य महाभारत पर आधारित है और गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा की जिंदगी को चित्रित करेगी।अश्वत्थामा के पात्र को निभाने के लिए शाहिद कपूर को गहन शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना होगा। फिलहाल फिल्म की पटकथा पर काम चल रहा है। यदि सब ठीक रहा तो फिल्म की शूटिंग अगले साल अगस्त मे आरंभ होने की संभावना है। फिल्म के निर्देशन की कमान कन्नड़ फिल्ममेकर सचिन रवि को सौंपी गई है।



# फिल्म 'हिंदुस्तानी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की आने वाली फिल्म हिंदुस्तानी का ट्रेलर आज उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज कर दिया गया है। प्रदीप पांडेय चिंटू फिल्म हिंदुस्तानी में राम का किरदार निभा रहे हैं, जो अधर्म और अन्याय के खिलाफ धर्म और न्याय को स्थापित करता है। इस फिल्म के निर्माता विजय कुमार यादव हैं, जिन्होंने चिंटू को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि इस शानदार फिल्म का ट्रेलर चिंटू और उनके फैंस के लिए बर्थडे गिफ्ट है। फिल्म की पूरी टीम की ओर से प्रदीप पांडेय चिंटू को जन्मदिन की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। हिंदुस्तानी का ट्रेलर वेब म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है।

प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए खास है और आज ही के दिन मेरी मच अवेटेड फिल्म हिंदुस्तानी का ट्रेलर आया है। साथ ही फैंस और चाहने वालों के खूब सारी शुभकामनाएं भी आ रही हैं। तो मैं सबसे पहले सबों का आभार व्यक्त करते हुए कहूंगा कि आप मेरी इस फिल्म का ट्रेलर जरूर देखें और अपना आशीर्वाद दें। यह फिल्म मेरे लिए जितना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि उतना ही मनोरंजन दर्शकों को भी फिल्म देख कर मिलने वाला है। मैंने अपनी इस फिल्म को पूरी शिद्दत से बनाया है। उम्मीद अब अपने दर्शकों से है कि वे मेरी फिल्म को पहले से भी ज्यादा प्यार और आशीर्वाद दें और इसे सफल बनाएं।

विजय कुमार यादव निर्मित और नील मणि सिंह निर्देशित फिल्म हिंदुस्तानी का निर्माण सांवरे फिल्म्स के बैनर से हुआ है। इस फिल्म की को - प्रोड्यूसर श्रद्धा यादव है। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। फिल्म में प्रदीप पांडे चिंटू, यामिनी सिंह और देव सिंह के साथ बृजेश त्रिपाठी मनोज द्विवेदी, बालेश्वर सिंह ग्लोरी, मोहंता, लोटा तिवारी, सोनिया मिश्रा, रिंकू आयुषी, श्याम श्रीवास्तव, अनुराधा यादव, सुष्मिता मिश्रा, अंजली सिंह, संजू सोलंकी, विवेक कुमार, इंद्रसेन यादव, दिनेश यादव, प्रशांत उपाध्याय, अमित कश्यप प्रमुख भूमिका में हैं। गेस्ट अपीयरेंस रितु सिंह का है। फिल्म के संगीतकार छोटे बाबा और सुनील झा है, जबकि गीतकार छोटू यादव, सुनील झा और विनय निर्मल हैं। डीओपी माही शेरला हैं। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और सोनू प्रीतम है। एक्शन दिलीप यादव और एस मल्लेश का है।

# रश्मिका मंदाना पुष्पा 2: द रूल की शूटिंग शुरू करेंगी

मुंबई/एजेन्सी




इन दिनों रश्मिका मंदाना रणबीर कपूर के साथ अपनी फिल्म एनिमल की बॉक्स ऑफिस सफलता को एंजॉय कर रही हैं जो रिकॉर्ड्स तोड़ रही है। इस फिल्म में दर्शक उनके किरदार को काफी पसंद कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि एक्ट्रेस 13 दिसंबर से अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2: द रूल के साथ अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली हैं।

इस पर और ज्यादा जानकारी देते हुए एक इंडस्ट्री सोर्स ने कहा, रश्मिका मंदाना फिल्म एनिमल के लिए मिल रहे प्यार और तारीफ से बेहद खुश हैं। एनिमल की जबरदस्त सफलता के तुरंत बाद अब रश्मिका 13 दिसंबर से हैदराबाद में अपनी अत्यधिक महत्वाकांक्षी और ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी पुष्पा 2: द रूल की शूटिंग शुरू कर देंगी। वो फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ श्रीवल्ली की अपनी आइकोनिक भूमिका को रिप्राइज करेंगी। पुष्पा फ्रेंचाइजी में रश्मिका मंदाना को दोबारा श्रीवल्ली का किरदार निभाते हुए देखना यकीनन शानदार होगा। बता दें, रश्मिका ने एनिमल में गीतांजलि के रूप में अपने स्तरित प्रदर्शन से फैन्स और ऑडियंस का दिल जीता हैं। फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस, अपीयरेंस और खूबसूरती इस बात का सबूत है कि वह वाकई भारतीय सिनेमा की एकमात्र नेशनल क्रश हैं और उनका कोई मुकाबला नहीं है। पुष्पा 2: द रूल के अलावा, रश्मिका मंदाना फिमेल ओरिएंटेड फिल्म द गर्लफ्रेंड में भी नजर आएंगी।

# 'एनिमल' ने दुनिया भर में कमाए 600 करोड़ रुपये

मुंबई/भाषा



रणबीर कपूर अभिनीत एक्शन-ड्रामा फिल्म 'एनिमल' ने दुनियाभर में 600 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू लिया है। फिल्म निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक दिसंबर को हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई थी। फिल्म निर्माण कंपनी टी-सीरीज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आठवें दिन तक की कमाई का आंकड़ा साझा करते हुए बताया कि 'एनिमल' ने दुनियाभर में 600.67 करोड़ रुपये कमाए। कंपनी ने 'एक्स' पर लिखा, ब्लॉकबस्टर फिल्म की सफलता जारी है। सिनेमाघरों में जहां 'एनिमल' शानदार प्रदर्शन कर रही है, वहीं आलोचकों एवं दर्शकों के एक वर्ग ने फिल्म को स्त्रीद्वेषपूर्ण और हिंसक बताते हुए इसकी आलोचना की है। केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से 'ए' प्रमाणपत्र हासिल करने वाली फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स 'एनिमल' के निर्माता हैं।

# सारा अली खान ने कभी नहीं दिया 'एनिमल' के लिए ऑडिशन

मुंबई/एजेन्सी



रणबीर कपूर-स्टारर एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में तृप्ति डिमरी की बहुचर्चित भूमिका के लिए सारा अली खान को कास्ट करने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, एक अंदरूनी सूत्र ने अफवाहों को खारिज कर दिया और खुलासा किया है कि उन्होंने कभी फिल्म के लिए ऑडिशन भी नहीं दिया था। वायरल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसी चर्चा थी कि सारा को 'एनिमल' में जोया वहाब रियाज की भूमिका के लिए कास्ट करने पर विचार किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा सारा के ऑडिशन से 'उत्साहित' नहीं थे, और उन्होंने तृप्ति को जोया के किरदार के लिए बेहतर पाया। अफवाहों पर विराम लगाते हुए, इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्र ने खुलासा किया, सारा अली खान ने कभी भी 'एनिमल' के लिए ऑडिशन नहीं दिया। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'एनिमल' में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म एक बिजनेस मैग्नेट बलबीर सिंह (अनिल) और उनके बेटे अर्जुन सिंह (रणबीर) के जटिल रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है।

तृप्ति ने 'एनिमल' में एक छोटी सी भूमिका से बड़ा प्रभाव डाला है। यह फिल्म हिंसा, रोमांस और अंतरंगता से भरपूर है। सारा को आखिरी बार 'जरा हटके, जरा बचके' में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म विजय वर्मा के साथ 'मर्डर मुबारक', आदित्य रॉय कपूर के साथ 'मेट्रो इन दिनों' और 'ऐ वतन मेरे वतन' है।

# मंसूर अली खान ने तृषा कृष्णन, चिरंजीवी और खुशबू सुंदर को भेजा मानहानि नोटिस

मुंबई/एजेन्सी

लियो में एक साथ नजर आ चुके अभिनेता मंसूर अली खान और अभिनेत्री तृषा कृष्णन कॉन्ट्रोवर्सी में लगातार ट्विस्ट और टर्न्स सामने आ रहे हैं। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर तृषा को लेकर दिए आपत्तिजनक बयान के बाद जब मंसूर को ट्रोल किया गया तो उन्होंने माफी मांग ली थी। लेकिन अब उन्होंने अपने एक्शन से एक बार फिर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने तृषा, चिरंजीवी और खुशबू सुंदर के खिलाफ एक्शन लिया है और मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया है। शिकायत की कॉपी सोशल मीडिया पर सामने आई है।

ज्ञातव्य है कि मंसूर अली खान और तृषा कृष्णन ने विजय थलापति की फिल्म लियो में एक साथ काम किया था। फिल्म प्रदर्शन के बाद मंसूर ने अपने एक बयान में कहा कि- जब मुझे पता चला कि मुझे तृषा के साथ अभिनय करना है तो मुझे लगा कि तृषा के साथ मेरा बेड सीन होगा। मैंने सोचा मैं उसे उसी तरह बेडरूम में ले जाऊंगा जैसे अन्य एक्ट्रेस को ले जाता हूं। मैंने कई रेप सीन्स पहले भी किए हैं ये कोई नया नहीं है। लेकिन कश्मीर में शूटिंग के दौरान इन लोगों ने मुझे तृषा को नहीं दिखाया।

मंसूर अली खान का तृषा को लेकर दिया गया ये बयान किसी को रास नहीं आया और सोशल मीडिया पर उन्हें खूब ट्रोल किया गया। दक्षिण भारत फिल्मद्योग भी तृषा के समर्थन में उतरा। चिरंजीवी और खुशबू सुंदर जैसे स्टार्स ने तृषा का सपोर्ट किया और मंसूर की क्लास लगाई। इसके बाद से ही मामला गर्माया हुआ है। लगातार ट्रोल होने के बाद खुद मंसूर अली खान ने तृषा से माफी भी मांगी। लग रहा था कि मामला यहां पर खत्म हो जाएगा तभी एक नया मोड़ आ गया। अब मंसूर ने यूटर्न लेते हुए एक बार फिर सभी को चौंका दिया है। फिलहाल अभी इस नोटिस पर तृषा कृष्णन की तरफ से कोई भी रिएक्शन सामने नहीं आया है। लियो फिल्म की बात करें तो इसमें विजय थलापति लीड रोल में थे और तृषा कृष्णन उनके अपोजिट नजर आई थीं। फिल्म ने रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 612 करोड़ का रहा था।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020 Posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026.


# SAD DEMISE



14.09.1949 08.12.2023

## LATE SMT. VINOD KUMARI GOYAL

### W/o. MR. SUBHASH CHAND GOYAL

*With Profound grief, we mourn the Sad Demise of Smt. Vinod Kumari Goyal W/o. Subhash Chand Goyal on 8th December 2023*

**Baithak (Prayer Meet)**

**Sunday 10.12.2023 From 4 pm to 6 pm at**

**Residence : Gaura Kuteer, No. 579, 14 Cross, 25th Main, 1st Phase, J.P. Nagar, Bengaluru - 560078**

**In Grief :**

**Rajender Goyal**
9845011981

**Ankur Goyal**
98451 70988

**Satish Goyal**
98457 44081

**Mayank Singhal**
98451 33273

**Preeti Goyal**
**Shikha Singhal**
**Krishn Goyal**
**Naresh Goyal**
**Anil Goyal**
**Vikas Goyal**

**Deeply Saddened :**

Dhruv, Hanshit, Sukreeti, Vartika, Mishika, Veer & Entire Goyal Family

**Digital Circuits Pvt. Ltd.**

**Motiram Goyal & Sons**

Bengaluru

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com